हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

DIGITAL in BCN NEWS 24X7 www.inbcn.in

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 1 दिसंबर 2024 | अंक 49 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# सरकार गठन से पहले विभाग बंटवारे पर माथापच्ची

> पांच मंत्रालय से चार अपने पास रखना चाहती है भाजपा
>
> भाजपा में अंदरूनी खटपट से नहीं बन रही नई सरकार
>
> आज हो सकती है भाजपा विधायक दल की बैठक

**नई दिल्ली/मुंबई।**

महाराष्ट्र में सरकार गठन से पहले महायुति में विभागों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पा रही है। गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर गुरुवार देररात तीन घंटे चली बैठक में भी विभाग बंटवारे के फार्मूले पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद महायुति के नेताओं को मुंबई में विभागों के बंटवारे पर सहमति बना कर दिल्ली आने के लिए कहा गया है। हालांकि बैठक में शाह ने देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाने का संकेत जरूर दिया है।

अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महायुति के नेताओं कार्यवाहक सीएम शिंदे, अजीत पवार और देवेंद्र फडणवीस से अलग-अलग मुलाकात की थी। पवार के साथ बैठक में एनसीपी के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे भी शामिल थे। सीट बंटवारे के जिस फॉर्मूले पर चर्चा हुई, उस पर सहमति नहीं बन पाई। लंबे समय तक चले मंथन के बाद शाह ने महायुति के सदस्यों को विभागों की गुत्थी सुलझाने के लिए मुंबई में फॉर्मूला तय करने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक विभाग बंटवारे पर सहमति के बाद ही सरकार गठन के दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया है।

उधर महाराष्ट्र में अभूतपूर्व बहुमत मिलने के बावजूद सरकार गठन में हो रही



देरी से तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई है। यह भी कहा जा रहा है कि नई सरकार बनाने में सहयोगी दल शिवसेना और एनसीपी के बजाय भाजपा में ही अंदरूनी खटपट है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम लगभग तय है लेकिन, इसी बीच मराठा मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा शुरू हुई है। इससे भाजपा महासचिव विनोद तावड़े का नाम चर्चा में आया है। फडणवीस की ताजपोशी में देरी की एक वजह यह भी मानी जा रही है।

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन का पेंच सुलझने के बजाय लगातार उलझता जा रहा है। शुक्रवार की बैठक टलने के बाद अब आज रविवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने की संभावना है। उसके बाद महायुति की बैठक बुलाई जाएगी। सूत्रों के मुताबिक भाजपा विधायकों की बैठक में दो केंद्रीय पर्यवेक्षक मुख्यमंत्री पद को लेकर विधायकों की राय लेंगे। इसी दौरान विधायक दल का नेता भी चुना जाएगा। इसके बाद महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी। यह भी चर्चा है कि दिल्ली में शाह व नड्डा के साथ बैठक में एकनाथ शिंदे को केंद्रीय मंत्री का ऑफर दिया गया है। अगर, शिंदे यह प्रस्ताव स्वीकार करते हैं तो महाराष्ट्र में शिवसेना का दूसरा कोई नेता उपमुख्यमंत्री बन सकता है। दिल्ली बैठक के बाद महाराष्ट्र के तीनों नेता देर रात मुंबई वापस आ गए, जबकि शिंदे के शनिवार को गांव से वापस मुंबई आने की संभावना है।

### अजीत पवार को उठाना होगा घाटा

भाजपा के प्रस्ताव पर सहमति बनी तो एनसीपी (अजीत) को घाटा उठाना होगा। पार्टी एनसीपी को डिप्टी सीएम पद तो देना चाहती है, मगर वित्त मंत्रालय अपने पास रखना चाहती है। वहीं, एनसीपी गृह, वित्त, राजस्व, कार्मिक और लोक निर्माण में हिस्सेदारी चाहती है। हालांकि भाजपा उसे इनमें से एक भी मंत्रालय नहीं देना चाहती। इसके अलावा एनसीपी को अधिकतम आठ विभाग ही देना चाहती है।

### शिवसेना (शिंदे) का भी घटेगा कद

सीएम पद छोड़ने के बदले भाजपा ने शिवसेना (शिंदे) के समक्ष डिप्टी सीएम का पद और लोकनिर्माण समेत अधिकतम 12 विभाग देने का प्रस्ताव दिया है। शिंदे गृह मंत्रालय भी चाहते हैं। चर्चा यह भी है कि शिंदे विधान परिषद अध्यक्ष का पद भी चाहते हैं। इसके उलट भाजपा टॉप पांच में से चार मंत्रालय अपने पास रखना चाहती है। सूत्रों का कहना है कि महायुति के नेताओं को विभाग बंटवारे का फैसला करके आने के लिए कहा गया है। उधर, दिल्ली में बैठक के बाद एकनाथ शिंदे सीधे सतारा में अपने गांव चले गए। इस कारण शुक्रवार को मुंबई में होने वाली महायुति की बैठक नहीं हो पाई। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के सीएम पर एक-दो दिन में फैसला होगा। इस बीच सतारा में शिंदे की तबीयत बिगड़ गई है। मुंबई से डॉक्टरों की टीम पहुंची है।

### ...तो शिवसेना को मिलेगा मौका: सिरसाट

शिवसेना नेता संजय सिरसाट ने कहा कि अगर निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार नहीं करते हैं तो यह पद उनकी पार्टी के किसी नेता को दिया जाएगा। सिरसाट ने यह भी कहा कि शिंदे निश्चित रूप से केंद्रीय मंत्री के रूप में केंद्र में नहीं जाएंगे।

### 5 को आजाद मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख सामने आ गई है। मुंबई के आजाद मैदान में 5 दिसंबर को महायुति सरकार के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा। बीजेपी से कुल 16,416 विधायक, सांसद, विविध प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, मंडल के अध्यक्ष इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम पद की शपथ को लेकर महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म र इस बात का ऐलान किया है।

## खबरें! एक नजर में!!

### केजरीवाल पर पदयात्रा के दौरान लिक्विड फेंका

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर एक शख्स ने लिक्विड फेंका। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इसे स्याही तो कुछ में इसे पानी बताया जा रहा है। हालांकि, समर्थकों ने मौके पर ही आरोपी की पिटाई कर दी। दिल्ली पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। इससे पहले छतरपुर-नांगलोई में भी केजरीवाल के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

### मणिपुर में चार केवाईकेएल आतंकी गिरफ्तार

**इंफाल.** पुलिस ने आतंकवादी समूह कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के चार सदस्यों को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में एक 23 वर्षीय रेलवे चालक का अपहरण करने और उस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। केवाईकेएल गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिबंधित एक आतंकवादी समूह है। यह मणिपुर के घाटी क्षेत्रों में आम लोगों से जबरन वसूली की मांग के लिए कुख्यात है।

### गुप्ता को मिली सिर कलम करने की धमकी

**जयपुर।** हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को शनिवार को फोन पर कथित रूप से जान से मारने की धमकियां मिली हैं। गुप्ता ने हाल ही में अजमेर की एक स्थानीय अदालत में ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह को शिव मंदिर के ऊपर बनाए जाने का दावा करने को लेकर याचिका दायर की थी। यह याचिका दायर करने के बाद ही उन्हें यह धमकियां मिली हैं।कोर्ट द्वारा इस याचिका को स्वीकार करने को लेकर भी देशभर में विवाद छिड़ गया है।

### पाक से भारत में हथियारों की तस्करी

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान से भारत में हथियारों की तस्करी हो रही है। इसका भंडा भारत की पंजाब पुलिस ने फोड़ा है। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान से तस्करी करके लाई गईं आठ अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद किया है। साथ ही व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में अमृतसर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

### कैंट स्टेशन पर आग 200 वाहन जले

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में बीती रात कैंट रेलवे स्टेशन पर वाहन पार्किंग में भीषण आग लगने से करीब 200 मोटर साईकिल जलकर खाक हो गईं। आग लगने से रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की आधा दर्जन गाड़ियां जा पहुंचीं। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ फोर्स मौजूद रहीं।

### बस खाई में गिरी बच्चे समेत 4 की मौत

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। इसमें तीन महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर मौत हो गई। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में 20 के करीब लोग घायल हुए हैं। बस जैसे ही जिरापुरा फाटे के पास पहुंची। वैसे ही अनियंत्रित होकर सड़क किनार खाई में पलटी खाकर गिर गई। जिसमें चार की मौत हो गई है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लोगों को गैरकानूनी और हिंसक गतिविधियों के लिए उकसाने के उद्देश्य से दुर्भावनापूर्ण एवं राष्ट्रविरोधी दुष्प्रचार करने में कथित रूप से शामिल संदिग्धों के खिलाफ जांच के तहत श्रीनगर में कई स्थानों पर छापे मारे।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि शेरगढ़ी थाने में गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम की धारा 13 के तहत दर्ज एक मामले में श्रीनगर शहर के बटमालू और एचएमटी इलाकों में छापे मारे गए। अधिकारी ने बताया कि उन कुछ व्यक्तियों के खिलाफ जांच जारी है, जो विरोधियों के इशारे पर "लोगों को गैरकानूनी व हिंसक गतिविधियों के लिए भड़काने के लिए झूठी सूचनाएं फैलाने में शामिल थे।"

उन्होंने बताया कि श्रीनगर जिला पुलिस ने एनआईए अदालत से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद बोनपोरा, बटमालू के रहने वाले ओबैस रियाज डार और एचएमटी, जैनाकोट के निवासी साहिल अहमद भट के घरों पर छापा मारा। प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान अपराध में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये गये। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस प्रकार के मामलों में शामिल और संदिग्धों के घरों पर छापे मारे जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ईडी अधिकारी

> सामने आया कोर्ट का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।**

पिछले कुछ समय में देखा गया है कि सेंट्रल एजेंसियों के एक्शन से बचने के लिए बदले की भावना के तहत राज्य सरकारों की तरफ से भी सीबीआई और ईडी के अफसरों पर खूब मुकदमे ठोके गए। इस मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने अहम जजमेंट दिया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा कि केंद्र के अधिकारियों पर बदले की भावना से की जाने वाली कार्रवाई से बचाने के लिए एक दूसरे के खिलाफ संतुलन बनाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह तो माना कि राज्य पुलिस को भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने से नहीं रोका जाना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों के बीच टकराव से संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने तमिलनाडु पुलिस द्वारा कथित भ्रष्टाचार के लिए ईडी अधिकारी की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी का जांच में कोई अधिकार नहीं है, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच का अधिकार है। बेंच ने



कहा कि मुख्य सवाल यह है कि अगर अधिकारी केंद्र सरकार से है, तो क्या उसे राज्य पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जाना चाहिए। अगर केंद्र सरकार ने उस अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करने की अनुमति दी होती, तो स्थिति बिल्कुल अलग होती।

तमिलनाडु पुलिस का कहना था कि ईडी अधिकारी को 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया था और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। राज्य पुलिस आरोपपत्र दाखिल करने के लिए तैयार थी, लेकिन ईडी के सुप्रीम कोर्ट जाने के कारण इंतजार करना पड़ा।

सुप्रीम कोर्ट बेंच ने कहा, जांच के मामले में आरोपी की कोई भूमिका नहीं हो सकती, लेकिन उसे निष्पक्ष जांच का अधिकार है. संघीय ढांचे में प्रत्येक घटक को अपने अधिकार क्षेत्र के डोमेन को बनाए रखने की अनुमति दी जानी चाहिए.

## चुनाव नतीजों में किसी तरह के डेटा की गड़बड़ी नहीं

> महाराष्ट्र-हरियाणा की वोटिंग को लेकर ईसी का जवाब

**नई दिल्ली।**

एक के बाद एक चुनावों में करारी हार के बाद कांग्रेस ने चुनाव नतीजों में डेट की गड़बड़ी के आरोप लगाए थे। इसको चुनाव आयोग (ईसी) ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस के सवालों पर आयोग ने जवाब देते हुए किसी तरह की गड़बड़ी न मिलने की बात कही है। उसका कहना है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ है। इसके साथ चुनाव आयोग ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को 3 दिसंबर को मिलने का समय दिया है. आयोग ने कांग्रेस को उसकी ओर से उठाए सभी सवालों की समीक्षा का भरोसा दिलाया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद आयोग कांग्रेस की ओर से उठाए गए मुद्दों का विस्तार से जवाब देगी।

शुक्रवार को कांग्रेस ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में डेटा से जुड़ी कमियों को लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की। कांग्रेस ने एक प्रतिनिधिमंडल को चुनाव आयोग से मिलने को लेकर समय देने की मांग की।इसके साथ महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले, मुकुल वासनिक और रमेश चेन्निथला ने 12 पन्नों का एक ज्ञापन भी दिया। पार्टी की ओर से सौंपे ज्ञापन में वोटिंग के दिन मत प्रतिशत के आंकड़े को लेकर हेरा-फेरी करने, मतदाता सूची से हजारों नाम काटने और हर क्षेत्र में 10 हजार नये मतदाता का नाम जोड़ने का आरोप लगाया था।

## एएसआई ने मस्जिद कमेटी पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।**

यूपी के संभल स्थित जामा मस्जिद को लेकर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की ओर से एक हलफनामा दायर किया है. इस हलफनामे में एएसआई ने मस्जिद कमेटी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. दायर हलफनामे में एएसआई का कहना है कि साल 1920 से संरक्षित स्मारक जामा मस्जिद में निरीक्षण के दौरान मस्जिद कमेटी के सदस्य हमेशा अड़चन डालते रहे हैं.

हलफनामे में एएसआई ने कहा कि मस्जिद के निरीक्षण के दौरान उन्हें अक्सर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा



और जिला प्रशासन की मदद से ही वह मस्जिद का निरीक्षण कर पाए. एएसआई ने कहा कि 25 जून को मस्जिद के निरीक्षण के दौरान यह पता चला कि मस्जिद के स्वरूप में कई बदलाव किए गए हैं, जिनका मस्जिद कमेटी ने कोई अनुमोदन नहीं लिया.

एएसआई के अनुसार, मस्जिद कमेटी के इस रवैये के खिलाफ उन्होंने पहले भी पुलिस में शिकायत दी थी. मस्जिद कमेटी के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है. बता दें कि रविवार को उत्तर प्रदेश के संभल स्थित मस्जिद में कोर्ट के आदेश पर सर्वे शुरू हुआ था. इस दौरान लोगों ने जमकर पथराव किया था.

## पूर्व सीजेआई पर भड़का मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

> कहा-गलत फैसलों के कारण मस्जिदों का होने लगा सर्वे

**नई दिल्ली।**

संबल और अजमेर शरीफ पर निचली अदालतों के फैसलों ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को निशाने पर ला दिया है। उन पर आरोप लगाया जा रहा है कि उनके फैसले ने देश में धार्मिक स्थलों के सर्वेक्षणों और याचिकाओं के लिए दरवाजे खोल दिए। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएबी) और समाजवादी पार्टी (एसपी) के सांसदों ने 2023 में चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की अनुमति देने वाले फैसले को गलत बताया है। एसपीसांसद जिया-उर-रहमान बरक और मोहिबुल्लाह नदवी ने कहा, चंद्रचूड़ का फैसला गलत था। इससे और सर्वे की याचिकाओं का रास्ता खुल गया है। सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे सर्वे रोकने चाहिए।

पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी बयान जारी कर कहा कि यह फैसला 'प्लेस ऑफ वर्शिप ऐक्ट, 1991' की भावना



के खिलाफ है। बोर्ड ने कहा, बाबरी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिनियम का हवाला देकर कहा था कि किसी भी पूजा स्थल की स्थिति को 15 अगस्त 1947 के अनुसार बदला नहीं जा सकता। लेकिन ज्ञानवापी मामले में अदालत ने सर्वे की अनुमति देकर अपनी स्थिति नरम कर दी।

ज्ञानवापी फैसले के बाद मथुरा के शाही ईदगाह, लखनऊ के टीले वाली मस्जिद और अब संबल की जामा मस्जिद के साथ-साथ अजमेर शरीफ में मंदिर होने के दावों पर याचिकाएं दाखिल हुई हैं। पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्ष का कहना है कि इन सर्वेक्षणों से सांप्रदायिक तनाव और बढ़ सकता है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 1991 के कानून के अनुसार पूजा स्थल की स्थिति नहीं बदली जा सकती। ऐसे में इन सर्वे का क्या उद्देश्य है?

## तमिलनाडु-पुडुचेरी में 'फेंगल'ने दी दस्तक

> भारी बारिश का अलर्ट, कई उड़ानें प्रभावित

**चेन्नई।**

चक्रवात फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों ने दस्तक दे दी है। फेंगल के कारण कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उधर, चेन्नई हवाई अड्डे पर भी तूफान का असर पड़ा है, जहां उड़ाने प्रभावित हुई हैं। हवाई अड्डे को सात बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। इंडिगो एयरलाइंस ने चेन्नई आने वाली सभी उड़ानों को डायवर्ट कर दिया है। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी बारिश की वजह से तमिलनाडु के नौ जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने पुडुचेरी तट पर सुरक्षा भी बढ़ा दी है। पुडुचेरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलैवानन ने क्षेत्र में समुद्र



तटों और तटीय सड़कों का दौरा किया। तमिलनाडु में लोगों को चेन्नई में मरीना बीच, पट्टिनापक्कम और एडवर्ड इलियट बीच समेत समुद्र तटों पर न जाने की सलाह दी गई है।पुडुचेरी में पर्यटन स्थलों को चक्रवात फेंगल के कारण एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। पुडुचेरी में तटीय क्षेत्रों मे 300 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। आईएमडी के अनुसार शनिवार सुबह पुडुचेरी में मध्यम बारिश हुई। तमिलनाडु के विलुप्पुरम के मरकानम में भारी बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। चेन्नई के बेसेंट नगर इलाके में पेड़ उखड़ गए हैं।

चेन्नई में भारी बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गई हैं। कई इलाकों में लोग जलभराव से जूझ रहे हैं। न्यू वाशरमैनपेट, जेमिनी फ्लाईओवर और माउंट रोड इलाके में टखने तक जलभराव है। तूफान की वजह से तटीय इलाकों में बारिश और तेज हवाओं की वजह से मौसम बदल चुका है।

### बॉक्स कई इलाकों में रेड अलर्ट जारी

आईएमडी ने कहा कि मौसम विभाग चेन्नई, श्रीहरिकोटा और चेन्नई के डॉपलर मौसम रडार के अलावा उपग्रह अवलोकनों से चक्रवात फेंगल पर लगातार नजर रख रहा है। आईएमडी के अनुसार चक्रवात आज शाम उत्तरी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों से टकराएगा और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों समेत दक्षिणी राज्यों के विभिन्न हिस्सों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## वन नेशन-वन सब्सक्रप्शिन बदलेगी किस्मत

> रिसर्च खर्च में बंपर कमी

**नई दिल्ली।**

जनवरी 2025 से देश भर में लागू हो रही वन नेशन-वन सब्सक्रप्शिन से रसिर्च के क्षेत्र में बड़ा ही क्रांतकिारी परविर्तन होने वाला है। इस एक योजना के लागू होते ही भारत के डेढ़ करोड़ छात्रों का बंपर फायदा होगा तो वहीं, सरकार का भी रसिर्च पर खर्च 18 फीसद कम हो जाएगा। इस योजना से पब्लशिर्स में भी 38 फीसद की बढोत्तरी देखने को मलिेगी।

आईआईएम मुंबई के डायरेक्टर के मुताबकि, कसिी भी रसिर्च की सक्सेस का आधार होता है कि उसके फैक्ट क्या हैं और ये कहां से लएि गए हैं। इस काम को अच्छी तरह से करने के लएि रसिर्चर सब्सक्रप्शिन लेने को मजबूर होता है. इसके लएि कई महंगी इंटरनेशनल रसिर्च मैगजीन को खरीदने के लएि काफी धन खर्च करना होता है।

वन नेशन-वन सब्सक्रप्शिन की वजह से देश भर के 6300 से अधकि संस्थान और उसमें पढ़ रहे 1.8 करोड स्टूडेंट, टीचर्स और रसिर्चर 13000 से अधकि ई-जर्नल का बेनफिटि ले सकेंगे। इससे छात्रों को काफी लाभ होगा। वन नेशन-वन सब्सक्रप्शिन की स्कीम जनवरी 2025 से स्टार्ट होगी। पहले फेज में 30 सबसे ज्यादा पॉपुलर इंटरनेशनल पब्लशिर्स और उनकी पब्लशि की गई 13000 मैगजीन



शामलि की जाएंगी। इस सुवधिा से न केवल 38 फीसद पब्लशिर्स में ग्रोथ होगी बल्कि संस्थानों में रसिर्च और इनोवेशन के कल्चर को भी बढ़ावा मलिेगा। इस वजह से संस्थानों के लाइब्रेरी बजट में 18 फीसद तक खर्च में कमी देखने को मलिेगी।

### क्या है योजना

मीडयिा रपिोर्टस के मुताबकि, आईआईएम मुंबई ने एक फैक्ट फाइडगिं की जसिमें सामने आया कि वन नेशन-वन सब्सक्रप्शिन योजना की वजह से रसिर्च का खर्च 18 फीसद तक कम हो जाएगा। इतना ही नहीं, छात्रों को एक क्लिक पर 13 हजार से ज्यादा रसिर्च पेपर स्क्रीन पर देखने को मलिेंगे।

CMYK

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना

## > मिलेगा मुफ्त इलाज >लिस्ट में 14 लाख लोगों का नाम शामिल

**नई दिल्ली.**

मोदी सरकार आम नागरिकों के सेहत की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चला रही है. इसके तहत लाखों भारतीयों को लाभ मिल रहा है. अब सरकार ने इसका विस्तार किया है. जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को खास सुविधा देने की बात की गई है. एबी-पीएमजेएवाई का विस्तार करते हुए केंद्र सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किए हैं. अब तक 14 लाख से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं. यानी अब 14 लाख लोगों को इसका लाभ मिल सकता है. इसके माध्यम से




वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बावजूद मुफ्त और कैशलेस इलाज की सुविधा दी जा रही है. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लोकसभा में बताया कि इस योजना में 27 चिकित्सा विशेषताओं के तहत 1,961 प्रक्रियाओं को शामिल किया गया है.

यू-विन की मुख्य विशेषताओं में कहीं भी, कभी भी टीकाकरण सेवाएं, स्वचालित एसएमएस अलर्ट, क्यूआर-आधारित ई-टीकाकरण प्रमाणपत्र, और ऑफ़लाइन डेटा प्रविष्टि शामिल हैं. राष्ट्रव्यापी रोलआउट के बाद, 7.43 करोड़ लाभार्थियों का पंजीकरण, 1.26 करोड़ टीकाकरण सत्र और 27.77 करोड़ वैक्सीन खुराक दर्ज की जा चुकी हैं. यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ाने और नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है.

### इन बीमारियों का मिलेगा इलाज

हेमोडायलिसिस, पेरिटोनियल डायलिसिस, इस्केमिक स्ट्रोक, टोटल हिप रिप्लेसमेंट, टोटल नी रिप्लेसमेंट, कार्डियक पेसमेकर जैसे एडवांस ट्रीटमेंट अब पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध हैं. सरकार ने राज्यों को अपने स्थानीय संदर्भ के अनुसार स्वास्थ्य लाभ पैकेज अनुकूलित करने की छूट भी दी है. 31 अक्टूबर, 2024 तक इस योजना के तहत 29,870 अस्पताल लिस्ट किए गए हैं, जिनमें 13,173 प्राइवेट हॉस्पिटल शामिल हैं.

### ऐसा काम करती है ये योजना

सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों (0-16 वर्ष) को समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए यू-विन डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किया गया है. यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत हर साल लगभग 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं और 2.6 करोड़ शिशुओं को 12 टीका-निवारणीय बीमारियों के खिलाफ़ टीके दिए जाते हैं.

# इंडियन ऑयल ने जल निकायों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

**मुंबई.**



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, इंडियन ऑयल ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में पांच ऐतिहासिक जल निकायों के पारिस्थितिकी कायाकल्प के लिए श्री चैतन्य हैल्थ एण्ड केयर ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह पहल इंडियन ऑयल की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह इंडियन ऑयल के विपणन मुख्यालय, मुंबई में श्री वी. सतीश कुमार, निदेशक (विपणन), इंडियन ऑयल और श्री गौरांग दास, इस्कॉन के शासी निकाय के सदस्य की उपस्थिति में आयोजित किया गया।यह पहल बरसाना, नंदगांव और वृंदावन में स्थित पांच प्रतिष्ठित जल निकायों - प्रेम सरोवर, विशाल कुंड, पवन सरोवर, जल विहार कुंड और कृष्ण कुंड का पारिस्थितिकी कायाकल्प सुनिश्चित करेगी। इन जल निकायों का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है, लेकिन प्रदूषण और कुप्रबंधन के कारण इनका क्षरण हुआ है। इस अवसर पर बोलते हुए, निदेशक (विपणन) श्री वी. सतीश कुमार ने कहा कि जल निकाय मानव जाति और पशु जगत दोनों के अस्तित्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि उनकी पर्याप्त देखभाल नहीं की गई है और उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए इंडियन ऑयल के अवसर पर प्रकाश डाला। इंडियन ऑयल फॉर्च्यून 500, एकीकृत ऊर्जा प्रमुख है, जिसकी तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल्स और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की लगभग सभी धाराओं में उपस्थिति है। इंडियन ऑयल देश की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद कॉर्पोरेट कंपनियों में से एक है, जो एक अरब से अधिक भारतीयों के जीवन को प्रभावित करती है। 31,000 से अधिक कार्यबल, व्यापक शोधन, वितरण और विपणन बुनियादी ढांचे और उन्नत अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं के साथ, इंडियन ऑयल 60,000 से अधिक ग्राहक संपर्क बिंदुओं के अपने लगातार बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से देश भर में लाखों लोगों को ऊर्जा पहुंच प्रदान कर रहा है।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने टीचर ऐप का किया अनावरण

## शिक्षकों को भविष्य के लिए तैयार कौशल प्रदान करेगी

**नई दिल्ली.**

भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने टीचरऐप लॉन्च किया, जो एक नवोन्मेषी डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे 21वीं सदी की कक्षाओं की मांगों को पूरा करने के लिए शिक्षकों को भविष्य के लिए तैयार कौशल प्रदान करके भारत में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिल्ली में आयोजित एक लॉन्च कार्यक्रम में इस प्लेटफॉर्म का अनावरण किया। इस अवसर पर भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चैयरमेन श्री राकेश भारती मित्तल और भारती एयरटेल फाउंडेशन की सीईओ सुश्री ममता सैकिया के साथ-साथ




शिक्षा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक और बी.एड. के विद्यार्थी भी मौजूद थे। जमीनी अनुभव और शिक्षकों के सामने आने वाली चुनौतियों की गहरी समझ के आधार पर, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने टीचर ऍप की अवधारणा को विकसित किया है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो शिक्षकों को नवोन्मेषी डिजिटल संसाधनों के माध्यम से उन्हें समय की कसौटी पर खरे उतरे और भविष्य के लिए तैयार कौशल से सुसज्जित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# भारत में शादियों पर कितना खर्च?

## > पिछले साल के मुकाबले 7% महंगी हुई हैं शादियां

**नई दिल्ली.**

देश में शादियों का सीजन चल रहा है। भारतीय लोग बैंड, बाजा और बारात का जश्न मनाने के लिए दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं। इस साल शादी का औसत बजट 36.5 लाख रुपये है जबकि डेस्टिनेशन वेडिंग का विकल्प चुनने वाले लोग औसतन 51 लाख रुपये खर्च कर रहे हैं। मोटे तौर पर, 2024 में शादियां पिछले साल की तुलना में 7% अधिक महंगी हो गई हैं। इसका वेन्यू और कैटरिंग की लागत बढ़ने से ऐसा हुआ है। वेडिंग प्लानिंग फर्म वेडमीगुड की एक स्टडी के मुताबिक वेन्यू और कैटरिंग की लागत पिछले साल के मुकाबले 10% से अधिक बढ़ गई है।

वेडिंग प्लानिंग फर्म टेलरमेड एक्सपीरियंस के संस्थापक और निदेशक शशांक गुप्ता ने बताया कि हर कोई सबसे अच्छी शादी चाहता



है। लोग सबसे अधिक खर्च वेन्यू पर कर रहे हैं। उसके बाद भोजन और एक अच्छी प्लानिंग एजेंसी पर। भारत में अधिकांश परिवार घर खरीदने और अपने बच्चों की शादियों के लिए सबसे ज्यादा बजट रखते हैं। अमीरों के लिए पैसे की कोई समस्या नहीं है। वे शादियों पर दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं।

अमीरों की शादियों का बजट 1 करोड़ रुपये से अधिक है। ऐसी अधिकांश शादियां डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में आयोजित की जाती हैं। निमंत्रण से लेकर सजावट और आयोजन तक सब कुछ थीम पर आधारित है। युवा जोड़े शादी में कई तरह की नई चीजें ला रहे हैं। वेडमीगुड की सह-संस्थापक महक सागर शाहनी ने कहा कि शादियों की प्रकृति बदल गई है। लोग नई-नई चीजों पर पैसे खर्च कर रहे हैं। उदाहरण के लिए नई पीढ़ी के जोड़े कॉकटेल मिक्सिंग, गेमिंग सेशन, वेन्यू पर टॉप अप रेस्तरां स्थापित कर रहे हैं। कई जोड़े थीम वाले वेलकम डिनर भी पेश कर रहे हैं जो कि पश्चिमी अवधारणा है।

पर्सनलाइज्ड और एक्सपेरीमेंटल शादियों के चलन ने नए जमाने के कारोबार को अपने पैर जमाने में मदद की है। गुप्ता ने कहा कि नए युग के कलाकारों और कैटरर्स को अवसर मिल रहे हैं क्योंकि जोड़े व्यक्तिगत अनुभवों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। नवंबर-दिसंबर में 48 लाख शादियां होने वाली हैं जिससे 6 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा। भारत में रिटेल सेल में शादियों का बड़ा हिस्सा होता है। इससे कारोबार में वृद्धि की उम्मीद है। सोशल मीडिया और लोगों की 'इंस्टाग्रामेबल' तस्वीरें रखने की इच्छा भी शादियों के कारोबार को बढ़ावा दे रही है।

# बायोफ्यूल सर्कल ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विस्तार किया

**नागपुर.**

भारत के अग्रणी डिजिटल बायोएनर्जी सप्लाई चेन प्लेटफ़ॉर्म, बायोफ्यूल सर्कल ने ग्रामीण भारत में अपनी पहुंच को बढ़ाने और टिकाऊ बायोमास के एकत्रीकरण के लिए कदम उठाए हैं। कंपनी नागपुर के मौदा के पास तारसा में दो और मुजबी में एक, कुल तीन नए गोदाम स्थापित कर रही है। इन गोदामों को नवीनतम तकनीकी उपकरणों जैसे स्लैशर्स, बैलर्स, रेकर्स आदि से सुसज्जित किया जाएगा। इसके माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य जनवरी 2025 के अंत तक 20,000 मीट्रिक टन (एमटी) धान के पराली का संग्रहण करना है, जो पराली जलाने की समस्या का समाधान करेगा और किसानों के लिए आय के नए अवसर उत्पन्न करेगा।

फसल अवशेषों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में किसानों की सहायता करने के लिए, बायोफ्यूल सर्कल ने अपने डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर जीपीएस और टेलीमैटिक्स आधारित ऐप्स तैनात किए हैं, जो धान के पराली का संग्रहण करने और परिवहन को कुशल बनाने में मदद करते हैं। यह राज्य में ग्रामीण बायोमास व्यवसायों के निर्माण को बढ़ावा देता है। कंपनी ने पराली



को इकट्ठा करने और प्रसंस्करण के लिए उन्नत, डिजिटल रूप से एकीकृत मशीनें जैसे बैलर्स भी तैनात की हैं। इस प्रयास के माध्यम से, बायोफ्यूल सर्कल एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकॉनमी) बनाने की कल्पना करता है, जहां कृषि फसल अवशेषों को मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित किया जाता है। यह न केवल ग्रामीण आय सृजन को बढ़ावा देगा बल्कि एक स्वच्छ पर्यावरण में भी योगदान देगा।

बायोफ्यूल सर्कल एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जो किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और बायोएनर्जी उत्पादकों को जोड़कर टिकाऊ बायोमास सप्लाई चेन बनाने के लिए समर्पित है। अपने डिजिटल और सहभागी बिजनेस मॉडल के माध्यम से, बायोफ्यूल सर्कल भारत के नवीकरणीय ऊर्जा की ओर परिवर्तन को प्रोत्साहित करता है और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है।

# बागवानी की उत्पादकता बढ़ाने 10 करोड़ डॉलर का ऋण समझौता

**नई दिल्ली.** भारत और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने देश में बागवानी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9.8 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह समझौता वित्तपोषण रोग मुक्त रोपण सामग्री प्रणालियों की स्थापना, फसल की पैदावार, गुणवत्ता और जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाने में सहायता करेगा.मंत्रालय ने कहा, "भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने आज बागवानी फसल किसानों की प्रमाणित रोग मुक्त रोपण सामग्री तक पहुंच में सुधार करने के लिए 9.8 करोड़ डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए, जिससे उनकी फसलों की पैदावार, गुणवत्ता और जलवायु प्रभावों के प्रति लचीलापन बढ़ेगा।"

मंत्रालय के अनुसार परियोजना का उद्देश्य रोग निदान के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं से सुसज्जित स्वच्छ पौध केंद्र स्थापित करना है और इसका संचालन प्रशिक्षित विशेषज्ञ करेंगे।

# सुस्त पड़ी देश की इकोनॉमी

## > जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4% रह गई

**नई दिल्ली.**

देश की इकॉनमी दूसरी तिमाही में सुस्त पड़ गई है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि घटकर 5.4% पर आ गई जो इसका करीब दो साल का निचला स्तर है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण देश की इकॉनमी की रफ्तार सुस्त पड़ी है। एक साल पहले की समान तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 8.1% और पिछली तिमाही में 6.7% थी। इससे पहले फाइनेंशियल ईयर 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 4.3% था। हालांकि भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन को जीडीपी ग्रोथ रेट 4.6% था। लेकिन इससे भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने का इंतजार बढ़ सकता है। भारत के अगले तीन साल में 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने का अनुमान है। लेकिन दूसरी तिमाही के आंकड़े निराशाजनक हैं। जानकार



पहले ही यह मानकर चल रहे थे कि दूसरी तिमाही में खपत घटने से देश की जीडीपी ग्रोथ कम रहेगी। लेकिन, यह उनके अनुमान से भी कम रही। ईटी के एक सर्वे में 17 अर्थशास्त्रियों ने इसके 6.5% रहने का अनुमान जताया था जबकि रायटर्स के एक पोल में भी यह बात सामने आई थी। आरबीआई ने 7% का अनुमान जताया था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से दूसरी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट आई। जीडीपी एक निश्चित अवधि में देश की सीमा में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है। हालांकि अच्छी बात यह रही कि कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर पिछली तिमाही में 3.5% हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.7% थी। लेकिन विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 2.2% पर आ गई जो पिछले साल की समान अवधि में 14.3% की दर से बढ़ा था। पिछली तिमाही में 'खनन और उत्खनन' क्षेत्र का जीवीए भी बड़ी गिरावट के साथ 0.01 प्रतिशत पर आ गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 11.1% बढ़ा था।

आर्थिक जानकारों के मुताबिक दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ सुस्त पड़ने के कई कारण हैं। इसमें बढ़ती मंहगाई और ऊंचा इंटरेस्ट रेट अहम है। इसके साथ वेतन में भी उल्लेखनीय इजाफा नहीं हुआ जिससे खपत को बढ़ावा नहीं मिला। कई केंद्रीय मंत्रियों ने आरबीआई से ब्याज दरों में कटौती करने की अपील की है। इससे कर्ज लेना सस्ता होगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनियों के नतीजे भी बेहद निराशाजनक रहे। इससे शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट आई। इससे विदेशी निवेशक भी भारत से तेजी से पैसा निकाल रहे हैं।

# शेयर मार्केट ने डिस्काउंट ब्रोकिंग में शीट्स की शुरुआत की



**मुंबई.**

फोनपे का प्रोडक्ट, शेयर मार्केट ने शीट्स के लॉन्च की घोषणा की, जो डिस्काउंट ब्रोकिंग जगत में उद्योग की पहली पेशकश है. इससे बाजार हिस्सेदारियों को सशक्त बनाने और उनके ट्रेडिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है. वेब प्लेटफॉर्म ट्रेड.शेअर.मार्केट पर उपलब्ध, शीट्स बाजार डेटा को सीधे स्प्रेडशीट में आयात करके और अपने ट्रेडिंग मॉडल और रणनीतियों को सहजता से बनाकर ट्रेडर्स की मदद करता है. शेयर मार्केट ने शीट्स के अभूतपूर्व लॉन्च के साथ उद्योग को फिर से परिभाषित किया है, तथा यह देश का एकमात्र डिस्काउंट ब्रोकर बन गया है जो यह अभिनव सुविधा प्रदान करता है.

यह अत्याधुनिक टूल बाजार हिस्सेदार को आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ सशक्त बनाता है, जिससे उन्हें अपनी बुद्धिमत्ता का उपयोग करने और कार्रवाई योग्य बाजार को परख कर उसे उजागर करने में मदद मिलती है. सीमित या बिना प्रोग्रामिंग बैकग्राउंड वाले ट्रेडर्स और निवेशक, विशिष्ट रणनीतियों और मानदंडों मिलाकर सैकड़ों स्टॉक को मैन्युअल रूप से मैनेज और विश्लेषण कर सकते हैं, जो ज्यादा समय लेने वाला और जटिल काम है.


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

निकाल

महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी 4:45

सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 48 • तिकीट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 30/11/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 8400 | 0662 | 3380 | 1052 | 8513 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| बक्षिस | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 0957 | 4418 | | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 0246 | 1567 | 4252 | 6221 | 8971 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 3955 | 4345 | 4373 | 4537 | 5663 | 6176 | 7231 | 7574 | 7803 | 8230 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1432 | 4412 | 4735 | 5093 | 5494 | 6770 | 7218 | 7437 | 8369 | 8999 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0897 | 1843 | 3215 | 3953 | 4750 | 5720 | 6650 | 7680 | 8484 | 9318 |
| | 0935 | 1935 | 3246 | 4004 | 4781 | 5756 | 6662 | 7752 | 8487 | 9391 |
| 0016 | 0970 | 1988 | 3316 | 4040 | 4813 | 5758 | 6666 | 7811 | 8529 | 9406 |
| 0067 | 1085 | 2088 | 3342 | 4104 | 4894 | 5785 | 6675 | 7841 | 8581 | 9477 |
| 0150 | 1111 | 2151 | 3356 | 4189 | 5195 | 5999 | 6862 | 7848 | 8587 | 9498 |
| 0155 | 1161 | 2171 | 3358 | 4213 | 5264 | 6147 | 6873 | 7855 | 8626 | 9591 |
| 0305 | 1194 | 2179 | 3361 | 4234 | 5265 | 6181 | 6894 | 7866 | 8702 | 9597 |
| 0377 | 1196 | 2269 | 3366 | 4246 | 5325 | 6197 | 6942 | 7874 | 8714 | 9683 |
| 0406 | 1261 | 2317 | 3368 | 4264 | 5333 | 6266 | 6951 | 8006 | 8720 | 9687 |
| 0409 | 1278 | 2346 | 3431 | 4290 | 5453 | 6306 | 7167 | 8008 | 8762 | 9707 |
| 0422 | 1291 | 2475 | 3434 | 4341 | 5475 | 6356 | 7211 | 8081 | 8837 | 9709 |
| 0494 | 1319 | 2721 | 3436 | 4348 | 5515 | 6436 | 7273 | 8184 | 8873 | 9729 |
| 0500 | 1365 | 2722 | 3445 | 4411 | 5520 | 6522 | 7360 | 8225 | 8880 | 9737 |
| 0578 | 1372 | 2799 | 3568 | 4484 | 5524 | 6530 | 7409 | 8248 | 8888 | 9769 |
| 0656 | 1546 | 2935 | 3624 | 4622 | 5555 | 6562 | 7477 | 8265 | 8893 | 9815 |
| 0760 | 1639 | 3003 | 3726 | 4646 | 5575 | 6621 | 7509 | 8268 | 8918 | 9889 |
| 0787 | 1654 | 3036 | 3755 | 4739 | 5583 | 6629 | 7554 | 8283 | 9019 | 9962 |
| 0825 | 1725 | 3080 | 3777 | 4740 | 5636 | 6645 | 7574 | 8388 | 9173 | 9979 |
| 0850 | 1810 | 3133 | 3883 | 4745 | 5704 | 6647 | 7618 | 8445 | 9221 | 9997 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत तिकीट किंमत रु. 50/- सोडत दिनांक 10-12-2024
22 लाख 2 लाख 12 लाख
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि 30/11/2024
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah


# एलपीजी गैस की कीमत से क्रेडिट कार्ड के चार्ज तक

## आज से बदल रहे नियम

**नई दिल्ली.**

आज से हम नए महीने में प्रवेश कर जाएंगे। हर महीने की तरह दिसंबर महीने में भी कई नए बदलाव होंगे, जिनका असर आपकी जेब पर भी होगा। आपको बता दें कि आज कई नियम बदलने वाले हैं, जिससे देश भर में परिवारों के दैनिक जीवन और फाइनेंस पर असर पड़ेगा। अगले महीने दिसंबर में एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन और एसबीआई क्रेडिट कार्ड नियमों में बदलाव समेत कई बड़े बदलाव होने वाले हैं।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार डिटेल में मुफ्त अपडेट की समय सीमा बढ़ा दी है। आधार कार्ड होल्डर्स अब 14 दिसंबर तक ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए बिना किसी शुल्क के अपना नाम, पता या जन्मतिथि अपडेट कर सकते हैं। हालांकि, इस तारीख के बाद किए गए अपडेट के लिए प्रोसेसिंग फी लगेगा।

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के ग्राहकों के लिए जरूरी खबर है। बैंक 1 दिसंबर से क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव कर रहा है। एसबीआई अब डिजिटल गेमिंग प्लेटफार्म के




ट्रांजेक्शन के लिए इस्तेमाल होने वाले क्रेडिट कार्ड में रिवॉर्ड पॉइंट का फायदा नहीं देगा। इसके अलावा 1 दिसंबर से एचडीएफसी बैंक अपने रेगलिया क्रेडिट कार्ड के उपयोगकर्ताओं के लिए लाउंज एक्सेस नियमों में भी बदलाव कर रहा है।

जो व्यक्ति वित्तीय वर्ष 2023-24 (वित्त वर्ष 24) के लिए 31 जुलाई की समय सीमा तक अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने में विफल रहे, उनके पास अभी भी दिसंबर तक अपना आईटीआर जमा करने का अवसर है। जो लोग शुरुआती डेडलाइन से चूक गए हैं वे अब 31 दिसंबर तक जुर्माना शुल्क के साथ विलंबित आईटीआर दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि लेट फी 5,000 रुपये है। 5 लाख रुपये से कम कुल आय वाले करदाताओं के लिए यह लेट फी 1,000 रुपये कर दिया गया है।

### एलपीजी की कीमतों में बदलाव

ऑयल मार्केटिंग कंपनी हर महीने की 1 तारीख को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को रिवाइज सकती है। इससे घरेलू दरों पर असर पड़ सकता है। ये परिवर्तन अंतरराष्ट्रीय बाजार के रुझानों और नीतियों से प्रभावित होते हैं, जिससे संभावित रूप से घरेलू बजट पर असर पड़ेगा। 1 दिसंबर से एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बदलाव देखने को मिल सकता है। बता दें कि नवंबर की शुरुआत में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में इजाफा हुआ था।

# 7 महीने में 50% बढ़ गया गोल्ड लोन

**नई दिल्ली.**

चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में बैंकों द्वारा सोने के आभूषणों के बदले दिए गए लोन में 50.4% की वृद्धि हुई है। यह तेज वृद्धि तब हुई है, जब हर दूसरे पर्सनल लोन सेगमेंट में क्रेडिट सिंगल डिजिट में बढ़ा है। शुक्रवार को आरबीआई द्वारा जारी बैंक क्रेडिट के सेक्टोरल डिप्लॉयमेंट के आंकड़ों से पता चलता है कि 18 अक्टूबर, 2024 तक आउटस्टेंडिंग गोल्ड लोन 1,54,282 करोड़ रुपये था। मार्च 2024 के अंत में यह 1,02,562 करोड़ रुपये था। सालाना आधार पर इसमें 56% की बढ़ोतरी हुई है जबकि अक्टूबर 2023 में यह 13% थी।

### वित्तीय संकट के संकेत

बैंकरों का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर के पहले सात महीनों में गोल्ड लोन में भारी बढ़ोतरी के कई कारण हो सकते हैं। इनमें एनबीएफसी से बदलाव और असुरक्षित ऋणों की तुलना में सुरक्षित ऋणों को प्राथमिकता देना शामिल है। वर्ष के पहले सात महीनों के दौरान एनबीएफसी को बैंक लोन 0.7% घटकर 1.5 लाख करोड़ रुपये रह गया है। बैंकरों ने यह भी कहा कि गोल्ड लोन में वृद्धि इसकी कीमतों में वृद्धि के कारण हो सकती है। यह उधारकर्ताओं को पुराने ऋणों को चुकाने और अधिक नए ऋण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

कुछ विश्लेषक गोल्ड लोन की बढ़ती मांग को वित्तीय संकट का संकेत मानते हैं। पिछले महीने, RBI ने बैंकों और वित्त कंपनियों को अपनी गोल्ड लोन नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया था।


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी

महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी सोडत दर शनिवारी तिकीट किंमत रु. 50/- सोडत क्र. 48 सोडत दिनांक 30/11/2024

| | |
|---|---|
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | ML-03 : 4622 |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | 4622 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| बक्षिस | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2295 | 3899 | 4351 | 5495 | 6547 | 6818 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1634 | 2240 | 2665 | 2972 | 3667 | 5518 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1681 | 1881 | 2145 | 3001 | 4268 | 5105 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1197 | 1658 | 4251 | 4986 | 6204 | 6521 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1811 | 2280 | 2642 | 3002 | 3373 | 3803 | 4349 | 4792 | 5305 | 5775 | 6249 | 6652 |
| | | 1840 | 2281 | 2644 | 3003 | 3388 | 3811 | 4364 | 4793 | 5337 | 5780 | 6252 | 6655 |
| 1011 | 1277 | 1848 | 2288 | 2661 | 3004 | 3391 | 3836 | 4369 | 4801 | 5375 | 5787 | 6268 | 6656 |
| 1019 | 1285 | 1901 | 2299 | 2665 | 3028 | 3407 | 3842 | 4394 | 4803 | 5404 | 5789 | 6276 | 6660 |
| 1020 | 1319 | 1927 | 2321 | 2668 | 3033 | 3419 | 3853 | 4410 | 4834 | 5420 | 5849 | 6286 | 6673 |
| 1030 | 1322 | 1941 | 2334 | 2672 | 3035 | 3424 | 3878 | 4415 | 4841 | 5437 | 5865 | 6287 | 6674 |
| 1048 | 1327 | 1945 | 2335 | 2715 | 3039 | 3427 | 3883 | 4417 | 4848 | 5442 | 5875 | 6299 | 6679 |
| 1051 | 1376 | 1956 | 2340 | 2716 | 3047 | 3434 | 3888 | 4420 | 4849 | 5455 | 5897 | 6307 | 6682 |
| 1055 | 1377 | 1981 | 2351 | 2720 | 3080 | 3453 | 3902 | 4426 | 4868 | 5505 | 5913 | 6314 | 6683 |
| 1087 | 1400 | 1991 | 2359 | 2727 | 3101 | 3468 | 3903 | 4432 | 4887 | 5507 | 5914 | 6359 | 6690 |
| 1091 | 1401 | 2020 | 2380 | 2736 | 3109 | 3469 | 3928 | 4439 | 4943 | 5512 | 5934 | 6364 | 6696 |
| 1101 | 1419 | 2022 | 2384 | 2767 | 3118 | 3508 | 3970 | 4461 | 4944 | 5518 | 5935 | 6391 | 6712 |
| 1103 | 1442 | 2027 | 2392 | 2768 | 3128 | 3513 | 3996 | 4467 | 4956 | 5519 | 5942 | 6405 | 6732 |
| 1108 | 1445 | 2046 | 2404 | 2770 | 3151 | 3520 | 4015 | 4473 | 4973 | 5531 | 5952 | 6437 | 6745 |
| 1110 | 1469 | 2062 | 2413 | 2780 | 3155 | 3523 | 4018 | 4474 | 4974 | 5539 | 5957 | 6443 | 6750 |
| 1120 | 1500 | 2070 | 2421 | 2814 | 3193 | 3526 | 4026 | 4482 | 4990 | 5542 | 5958 | 6457 | 6755 |
| 1123 | 1505 | 2072 | 2441 | 2842 | 3198 | 3528 | 4027 | 4503 | 5002 | 5548 | 5982 | 6465 | 6762 |
| 1142 | 1515 | 2082 | 2452 | 2845 | 3200 | 3558 | 4036 | 4506 | 5006 | 5554 | 6006 | 6467 | 6764 |
| 1150 | 1527 | 2090 | 2455 | 2849 | 3203 | 3573 | 4052 | 4507 | 5021 | 5556 | 6026 | 6469 | 6769 |
| 1154 | 1534 | 2107 | 2457 | 2852 | 3214 | 3628 | 4053 | 4518 | 5027 | 5566 | 6029 | 6507 | 6774 |
| 1156 | 1539 | 2148 | 2485 | 2866 | 3238 | 3633 | 4074 | 4546 | 5030 | 5573 | 6039 | 6510 | 6785 |
| 1165 | 1554 | 2155 | 2486 | 2870 | 3251 | 3649 | 4081 | 4564 | 5046 | 5574 | 6048 | 6515 | 6806 |
| 1169 | 1589 | 2209 | 2501 | 2882 | 3273 | 3694 | 4088 | 4589 | 5052 | 5579 | 6065 | 6533 | 6811 |
| 1181 | 1602 | 2212 | 2522 | 2885 | 3302 | 3695 | 4126 | 4604 | 5053 | 5580 | 6074 | 6540 | 6828 |
| 1183 | 1650 | 2213 | 2527 | 2895 | 3303 | 3699 | 4148 | 4628 | 5054 | 5585 | 6084 | 6545 | 6866 |
| 1187 | 1669 | 2215 | 2553 | 2902 | 3305 | 3712 | 4170 | 4655 | 5056 | 5594 | 6096 | 6546 | 6894 |
| 1198 | 1673 | 2223 | 2554 | 2912 | 3327 | 3729 | 4173 | 4662 | 5057 | 5604 | 6097 | 6560 | 6898 |
| 1207 | 1701 | 2226 | 2567 | 2922 | 3333 | 3731 | 4175 | 4704 | 5058 | 5610 | 6100 | 6563 | 6900 |
| 1225 | 1706 | 2232 | 2569 | 2925 | 3337 | 3735 | 4189 | 4714 | 5059 | 5632 | 6101 | 6604 | 6905 |
| 1235 | 1741 | 2242 | 2573 | 2936 | 3340 | 3738 | 4208 | 4724 | 5088 | 5634 | 6106 | 6606 | 6909 |
| 1250 | 1742 | 2247 | 2583 | 2946 | 3349 | 3739 | 4212 | 4726 | 5116 | 5653 | 6136 | 6609 | 6916 |
| 1252 | 1749 | 2263 | 2585 | 2970 | 3356 | 3749 | 4222 | 4743 | 5136 | 5655 | 6146 | 6626 | 6939 |
| 1260 | 1761 | 2269 | 2595 | 2982 | 3357 | 3760 | 4283 | 4746 | 5195 | 5727 | 6147 | 6627 | 6954 |
| 1261 | 1767 | 2274 | 2598 | 2992 | 3359 | 3768 | 4304 | 4774 | 5224 | 5731 | 6159 | 6631 | 6964 |
| 1267 | 1782 | 2276 | 2602 | 2997 | 3366 | 3776 | 4307 | 4784 | 5249 | 5752 | 6169 | 6642 | 6965 |
| 1268 | 1798 | 2278 | 2603 | 3000 | 3371 | 3796 | 4319 | 4788 | 5268 | 5768 | 6199 | 6643 | 6985 |

महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी मासिक सोडत तिकीट किंमत रु.100/- सोडत दिनांक 14-12-2024
22 लाख ₹ 3 लाख ₹ 5 लाख
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 30/11/2024
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : /princeagency /princeagencypl /princeagencymah

# रविवारीय

**सुविचार**

लक्ष्य ऊंचा रखो, दृष्टि साफ रखो,
मंजिल अवश्य प्राप्त होगी।

# सर्दियों में दही के साथ खाएं ये चीजें

## < बढ़ने लगेगा विटामिन बी12



❑ इंडियन खाना तो बिना दही के अधूरा माना जाता है. स्वाद के साथ-साथ ये हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. दही कम कार्ब्स के साथ हाई प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स से भरा एक हेल्टी प्रोबायोटिक है. दही को डाइट में कई तरह से शामिल किया जा सकता है जैसे, रायता, दही या छाछ, लस्सी. लेकिन क्या आप जानते हैं कि सर्दियों में आप दही खाकर विटामिन बी12 की कमी कैसे पूरी कर सकते हैं?

दिल्ली के श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट में चीफ डायटिशियन प्रिया पालीवाल कहती हैं कि विटामिन बी12 हमारे शरीर के लिए जितना ज्यादा जरूरी है, लोगों में उतनी ही इस विटामिन की कमी होती है. खासकर, जो लोग सिर्फ वेज खाना खाते हैं- उनमें विटामिन बी12 की कमी देखी जाती है. लेकिन प्रोबायोटिक्स से भरपूर दही के साथ कुछ चीजें खाने से विटामिन बी12 की कमी पूरी हो सकती है. डायटिशियन प्रिया पालीवाल कहती हैं कि दही पाचन को बेहतर बनाने के साथ-साथ इम्युनिटी को मजबूत करता है. इसके साथ ही, दही में विटामिन बी12 पाया जाता है, जो मस्तिष्क, नसों और लाल रक्त कोशिकाओं के लिए बेहद जरूरी है. हालांकि ठंड के मौसम में इसे सही तरीके से खाना जरूरी है ताकि इसका फायदा मिल सके.

दही के साथ खाएं गुड़, आप सर्दियों में दही को गुड़ के साथ खा सकते हैं. सर्दियों में गुड़ और दही का कॉम्बिनेशन शरीर को गर्मी देता है और बी12 के साथ-साथ आयरन की कमी भी पूरी होती है. इसके अलावा दही में अखरोट, बादाम और कद्दूकस किया हुआ पनीर मिला कर खाएंय यह विटामिन बी12 और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है. आप नाश्ते में दही को गर्मा-गर्म परांठों के साथ खा सकते हैं. इसे खाने से पेट हल्का रहता है और शरीर को जरूरी पोषण मिलता है.

**मिलाएं ये चीजें:** दही में पालक, मिक्स वेजिटेबल या बूंदी डालकर रायता बनाएं. इसमें पुदीना और जीरा पाउडर डालने से स्वाद और पोषण बढ़ता है. इन सब तरीकों में से आप अपनी पसंद के अनुसार किसी भी तरीके से दही को खा सकते हैं. इस बात का ध्यान रखें कि दही ठंडी होती है, इसलिए इसे दिन में खाएं और रात में खाने से बचें.

# ठंड में अमरूद खाने का देसी तरीका



❑ अमरूद खाने से कई सारी बीमारी दूर हो सकती हैं। साइंस कहता है कि इसमें संतरे से भी ज्यादा विटामिन सी होता है, जो सिर के बालों से लेकर पैर के अंगूठे के नाखून तक हेल्दी रखने के लिए आवश्यक है। अमरूद को ठंड में खाने के दो प्रमुख कारण हैं। एक तो अमरूद सर्दियों का मौसमी फल है और दूसरा यह इस मौसम में होने वाली धसका-खांसी से राहत दिलाता है। बस इसके लिए अमरूद को बड़े-बुजुर्गों के तरीके से खाना पड़ेगा। अक्सर खांसी से पहले या बाद में धसका उठना शुरू हो जाता है। जिसकी वजह से आपको खुलकर खांसी नहीं आती। **1 दिन में कितने अमरूद खाने चाहिए?** इस बात का ध्यान रखें कि एक दिन में एक अमरूद खाएं। इसमें फाइबर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है, जिसके कारण ज्यादा खाने पर ब्लोटिंग, पेट दर्द जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। अमरूद को खाने के कई तरीके हैं। इसे कच्चा या मिर्च-मसाले के साथ खा सकते हैं। लेकिन बड़े-बुजुर्ग सर्दियों में अमरूद खाने का दूसरा तरीका बताते हैं। यह मान्यता है कि इस मौसम में अमरूद को भूनकर खाना चाहिए। अमरूद को गूंथे हुए आटे में लपेटकर भी आंच पर भूना जाता है। ठंडे मौसम में इंफेक्शन होने का खतरा अधिक होता है। इस वजह से खांसी या धसका लगने की समस्या रहती है। बड़े बुजुर्गों का मानना है कि इस उपाय से धसका खांसी में राहत मिलती है। शोध भी मानता है कि अमरूद के अंदर भारी मात्रा में विटामिन सी होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाकर इंफेक्शन को जल्दी ठीक करने में मदद करता है।

# फ्रिजी बालों के लिए घर पर ही बनाएं हेयर पैक

❑ सर्दियों में गर्मियों की तुलना में आपको अपने बालों की ज्यादा देखभाल करनी चाहिए। रूखे और फ्रिजी बाल हेयर फॉल की समस्या का मुख्य कारण बन सकते हैं। अगर आप बालों की फ्रिजीनेस को दूर करना चाहते हैं, तो आपको पार्लर में जाकर महंगे-महंगे हेयर ट्रीटमेंट्स पर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं है। घर में आसानी से मिल जाने वाली महज दो चीजें न केवल आपके बालों को मुलायम बनाएंगी बल्कि कुछ हेयर रिलेटेड प्रॉब्लम्स को दूर करने में भी कारगर साबित होंगी।

इस्तेमाल करें दही और नारियल का तेल, रूखे-बेजान बालों से छुटकारा पाने के लिए आपको दही और नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। दादी-नानी के जमाने से दही और नारियल के तेल को बालों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। एक कटोरी में दो स्पून दही और दो या फिर तीन स्पून नारियल का तेल निकाल लीजिए। अब इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लीजिए।

हेयर केयर रूटीन में शामिल करें, दही और कोकोनट ऑइल के इस मिक्सचर या फिर पेस्ट को अपने बालों पर अच्छी तरह से अप्लाई कर लीजिए। थोड़ी देर के बाद आप इस हेयर पैक को धो सकते हैं। हेयर वॉश करने के बाद आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस होने लगेगा। आपके बालों की रफनेस दूर हो जाएगी और आपके बालों की खोई हुई नमी वापस लौट आएगी। इसी वजह से आपके बाल सिल्की और सॉफ्ट बन जाएंगे।

मिलेंगे एक से बढ़कर एक फायदे, डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी इस हेयर पैक का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा दही और कोकोनट ऑइल में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपके बालों की जड़ को मजबूत बनाने में कारगर साबित हो सकते हैं। कुल मिलाकर ये हेयर पैक आपकी हेयर हेल्थ को इंप्रूव कर सकता है। आप इस केमिकल फ्री हेयर पैक को एक हफ्ते में एक से दो बार अप्लाई कर सकते हैं।






केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में स्थित कोवलम अपने खूबसूरत बीच और ताड़ के पेड़ों के लिए प्रसिद्ध है। कोवलम के बीच विश्व के सबसे दर्शनीय बीचों में गिना जाता हैं। सुनहरी रेत को चूमती नीली सागर की लहरें देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक खीचें चले आते हैं। यहां की खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यावली और वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां भी बड़ी संख्या में सैलानियों को लुभाती हैं। ब्रिटिश मिशनरी जार्ज अल्फ्रेड बेकर ने कोवालम के विकास में अहम भूमिका निभाई। वह कोवालम की सुंदरता से इतना प्रभावित थे कि वह यहीं के होकर रह गए। उनके पिता हेनरी बेकर और मां ऐमीलिया ने ही सर्वप्रथम केरल में शिक्षा की ज्योति को जलाया था और आज केरल शिक्षा के मामले में सबसे अग्रणी राज्य है।कोवलम एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध समुद्र तट है जिसमें तीन निकटवर्ती अर्धचंद्राकार समुद्र तट हैं। यह 1930 के दशक से पर्यटकों का पसंदीदा स्थान रहा है। समुद्र तट पर एक विशाल चट्टानी प्रांत ने शांत पानी की एक सुंदर खाड़ी बनाई है जो समुद्र स्नान के लिए आदर्श है। इस समुद्र तट पर अवकाश के विकल्प प्रचुर और विविध हैं।केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम, कोवलम से महज 16 किमी दूर है और यहां पहुंचना बहुत आसान है। लेकिन, यदि आप छुट्टियों पर हैं तो कोवलम में रहकर शहर देखना आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा।कोवलम भारत के केरल राज्य के तिरुवनंतपुरम शहर में एक समुद्र तट और समुद्र तटीय सैरगाह है।

कोवलम शहर के केंद्र से 12.6 किमी (7.8 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित है। कोवलम के आसपास के समुद्र तट घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों दोनों के लिए लोकप्रिय छुट्टी गंतव्य हैं। कोवलम अंतर्राष्ट्रीय मान्यताप्राप्त समुद्र तट है जिसके साथ तीन समुद्र तट जुड़े हैं। 1930 से यह पर्यटकों का पसंदीदा रहा है। इस समुद्र तट पर एक विशाल चट्टानी अट्टालिका बनाई गई है जिससे शांत जलराशि की खूबसूरती देखते बनती है और नहाने के लिए बेहतरीन जगह है। इस बीच पर छुट्टियां बिताने के अनेक विकल्प हैं। रेत पर धूपस्नान, तैराकी, जड़ी-बूटियों पर आधारित शरीर की मालिश, विशिष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम और कैटामारैन क्रूजिंग उनमें से कुछ प्रमुख हैं। ऊष्ण कटिबंधीय सूरज की धूप इतनी तीखी होती है कि आप मिनटों में अपनी त्वचा पर धूप-ताम्रता को महसूस करने लगेंगे। बीच पर चहल-पहल दोपहर ढलने के बाद शुरू होता है और देर रात तक जारी रहता है। बीच कॉम्प्लेक्स के अंतर्गत बजट कॉटेज, आयुर्वेदिक हेल्थ रिजॉर्ट, सम्मेलन सुविधा, शॉपिंग जोन, स्विमिंग पूल, योग और आयुर्वेदिक मसाज की व्यवस्था है। कोवलम में पर्यटकों के ठहरने के लिए पाँच सितारे होटल से लेकर आपकी बजट तक के होटल उपलब्ध हैं और यहाँ के होटलों और कैफेटीरिया में तो कांटीनेंटल भोजन से लेकर दक्षिण भारतीय व्यंजन तक परोसे जाते हैं। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम, कोवलम से महज 16 किमी दूर है और यहां पहुंचना बहुत आसान है। लेकिन, यदि आप छुट्टियों पर हैं तो कोवलम में रहकर शहर देखना आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। तिरुवनंतपुरम नगर में देखने के लिए अनेक दिलचस्प जगह हैं जैसे नेपियर म्यूज़ियम, श्री चित्रा आर्ट गैलरी और पद्मनाभस्वामी मंदिर। एसएमएसएम इंस्टीट्यूट, जो राज्य सरकार के स्वामित्व का हैंडीक्राफ्ट एंपोरियम है, विलक्षण वस्तुओं और अन्य सामान खरीदने की अच्छी जगह है।

सरकारी कला संग्रहालय, इस संग्रहालय को नैपियर म्युजियम के नाम से भी जाना जाता है। मद्रास के भूतपूर्व गवर्नर जनरल जॉन नैपियर के नाम पर इसका नाम नैपियर म्युजियम पड़ा। वास्तुकला की दृष्टि से इस संग्रहालय को बहुमूल्य रत्न कहा जाता है। इस संग्रहालय में केरल की परंपरागत शैली, चाइनीज और मुगलों की कला का स्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है।



पदमानभस्वामी महलः कोवालम का यह महल वेली पहाड़ियों के समीप स्थित हैं। वेली पहाड़ियों के तल पर बना यह महल कलाकारी का अदभूत उदाहरण है। त्रावनकोर के शासकों का यह निवास स्थल लकड़ी की कारीगरी का उत्तम नमूना है। इस महल की दीवार पर 17वीं और18वीं शताब्दी के चित्रकारी का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

# घर के इन कामों को आसान बना देगा प्यूमिक स्टोन



❑ प्यूमिक स्टोन का इस्तेमाल एड़ियों और पैरों की मृत त्वचा हटाने के लिए तो ज्यादातर लोग करते हैं. हल्का खुरदुरा ये पत्थर न सिर्फ त्वचा के डेड स्किन सेल्स को रिमूव कर सकता है, बल्कि आपके और भी कई कामों में आ सकता है. जब प्यूमिक स्टोन घिस जाता है तो भी इसे बेकार समझकर फेंक दिया जाता है, लेकिन ये तब भी आपके काफी काम आ सकता है. दरअसल प्यूमिक स्टोन की टेक्सचर ही इसे खास बनाता है और इसी वजह से यह न सिर्फ डेड स्किन सेल्स को रिमूव कर सकता है, बल्कि घर के कई और कामों में आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

मम्मियों के नजरिए से देखा जाए तो उनके लिए कोई चीज खराब नहीं होती है, वह कोल्ड ड्रिंक्स की बोतल से लेकर प्रोटीन पाउडर के डिब्बे तक को घर के कामों में इस्तेमाल कर लेती हैं, इसी तरह से प्यूमिक स्टोन का यूज भी किया जा सकता है. तो चलिए जान लेते हैं.

खराब हो चुके प्यूमिक स्टोन का क्या करें, अगर आपका प्यूमिक स्टोन टूट गया है या फिर बहुत घिस चुका है और उसे आपने एक तरफ डाल दिया है तो फेंकने की बजाय बिल्कुल छोटे टुकड़ों में तोड़ लें और गमले की मिट्टी में मिला दें. इससे मिट्टी के बीच-बीच में उतनी जगह बनी रहेगी कि ऑक्सीजन का प्रवाह बना रहे. इससे आपके पेड़ हेल्दी रहेंगे.

बाथरूम में जमा काई को कर सकते हैं साफ, पैरों पर जमा डेड स्किन के अलावा बाथरूम में जमा काई को भी प्यूमिक स्टोन की हेल्प से हटाया जा सकता है. अगर हेंडल वाला प्यूमिक स्टोन है तो यह काम और भी ज्यादा आसान हो जाएगा. गर्म पानी में सर्फ घोलकर डालें और फिर कुछ देर बाद प्यूमिक स्टोन से फर्श को क्लीन कर लें.

जले हुए के निशान हटा सकता है प्यूमिक स्टोन, आज भी गांवों में लोग कच्ची ईंट को इस्तेमाल कढ़ाही और तवा साफ करने के लिए करते हैं, लेकिन महागरों में फ्लैट में राख या फिर कच्ची ईंट मिलना थोड़ा मुश्किल होता है, ऐसे में प्यूमिक स्टोन का यूज किया जा सकता है. बर्तन में चिपकी जिद्दी चिकनाई और जले हुए निशानों को प्यूमिक स्टोन की मदद से साफ करें.

कपड़ों के रोएं हटाने में हो सकता है मददगार, बहुत सारे कपड़े ऐसे होते हैं जिनमें रोएं निकल आते हैं और इसलिए कुछ ही दिनों में ये कपड़े पुराने लगने लगते हैं. कपड़ों पर अगर रोएं निकल आए हैं तो प्यूमिक स्टोन को धीरे-धीरे रब करें. इससे काफी हद तक रोएं हटाए जा सकते हैं.

सोफा, बिस्तर से हटाएं पालतू जानवरों के बाल, घर में कुत्ता या बिल्ली हो तो उनके बाल अक्सर सोफे, कुशन कवर और बिस्तर पर चिपक जाते हैं. जिसे हटाने में काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है या फिर क्लीनिंग ब्रश और वैक्यूम क्लीनर खरीदना पड़ता है. अगर ये दोनों चीजें नहीं हैं तो कालीन, सोफा कवर और बेडशीट्स पर से पेट्स के बाल रिमूव करने के लिए प्यूमिक स्टोन का यूज करें.

# सर्दियों में स्किन का किस तरह ख्याल रखा जाए



❑ सर्दियों के मौसम की हवा शुष्क होती है, जिससे स्किन और ज्यादा ड्राई होने लगती है. इसके चलते त्वचा से जुड़ी तमाम समस्याएं होने लगती हैं. सर्दियों में स्किन का किस तरह ख्याल रखा जाए, इसे लेकर बहुत से लोग कंफ्यूज रहते हैं. स्किन एक्सपर्ट कहते हैं कि विंटर सीजन में स्किन का ज्यादा ख्याल रखने की जरूरत होती है.

डॉ. विजय सिंघल (सीनियर कंसल्टेंट, डर्मेटोलॉजिस्ट) कहते हैं कि सर्दियों में ठंडी हवा और नमी की कमी से त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है. ऐसे में ड्राई स्किन वालों को सर्दियों में अपनी त्वचा की खास देखभाल करनी चाहिए. आइए एक्सपर्ट से जानते हैं कुछ आसान और असरदार उपायों के बारे में, जो सर्दियों में आपकी ड्राई स्किन की सेहत को बेहतर बनाए रखेंगे.

मॉइस्चराइजर लगाएं, ड्राई स्किन वाले लोगों को दिन में 1 से 2 बार मॉइस्चराइजर लगाना चाहिए. इसके लिए आप ऐसे मॉइस्चराइजर चुनें- जिसमें शीया बटर, ग्लिसरीन या हयालुरोनिक एसिड हो. ये त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं और स्किन को बेहतर रखते हैं. इसके अलावा आप चेहरे पर सोने से पहले हल्का गर्म नारियल या बादाम का तेल लगाएं. यह त्वचा को नमी और प्राकृतिक चमक देता है. एलोवेरा जेल, एलोवेरा जेल भी सर्दियों में ड्राई स्किन के लिए बेहतरीन है.

इसे रात में चेहरे पर लगाएं और सुबह धो लें. यह त्वचा को हाइड्रेट करता है. एक्सपर्ट कहते हैं कि आप कच्चे दूध में थोड़ा शहद मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं. इसे 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें. इससे भी त्वचा मुलायम और चमकदार बनेगी. गुलाब जल में कुछ बूंदें ग्लिसरीन मिलाकर स्प्रे करने या रुई से चेहरे पर लगाने से भी त्वचा को तुरंत नमी मिलती है. इसके अलावा, बचाव के तौर पर ड्राई स्किन वाले व्यक्तियों को सर्दियों में चेहरे पर ज्यादा स्क्रब नहीं करना चाहिए.

# बढ़ती सर्दी में ऐसे रखें अपने लाड़ले-लाड़ली का ख्याल



❑ बदलते मौसम का असर वैसे तो ज्यादातर लोगों की सेहत पर होता है, लेकिन बच्चों की इम्यूनिटी बड़ों के मुकाबले थोड़ी कमजोर होती है, इसलिए वायरल बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों की हेल्थ केयर का ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत होती है. नवंबर का महीना पूरा होने आ गया है और दिसंबर शुरू होते ही सर्दी भी काफी बढ़ने लगती है. ऐसे में छोटे बच्चों को काफी जल्दी जुकाम, खांसी और बुखार जैसी दिक्कतें होने लगती हैं, इसलिए बढ़ती सर्दी में अपने लाडले और लाडली को हेल्दी रखने के लिए कुछ बातों को ध्यान में रखना जरूरी है. इसलिए जरूरी है कि जुकाम-खांसी आदि से बचाव करने के लिए सर्दी बढ़ने की शुरुआत में ही बचाव के लिए कुछ बातों को ध्यान में रखा जाए.

इस तरह के पहनाएं कपड़े, बाहर ठंड से बचने के लिए जरूरी है कि गर्म कपड़े पहनें जाएं, लेकिन बच्चों को कपड़े पहनाते वक्त ध्यान रखें कि एकदम से मोटे कपड़े न पहनाएं, क्योंकि इससे शरीर में अंदर पसीना आता है और फायदे की बजाय नुकसान हो सकता है. बच्चों को लेयर में कपड़े पहनाना ज्यादा बेहतर रहता है. इसके अलावा कोशिश करें कि सॉफ्ट फैब्रिक के कपड़े लें. कई बार वुलेन से स्किन पर एलर्जी होने लगती है.

खाने में दें बच्चे को ये चीजें, सर्दी के दिनों में बच्चे की इम्यूनिटी अच्छी रहे, इसके लिए दोपहर में खाने के करीब एक घंटे के बाद बच्चों को मौसमी फल देने चाहिए. स्नैक्स में रोजाना कुछ नट्स और बीज दिए जा सकते हैं या फिर सुबह भीगे हुए दो से तीन बादाम और अखरोट खिलाएं. इसके अलावा बच्चों की थाली में हरी सब्जियों और कुछ गर्म तासीर वाले फूड्स को जगह दें.

हाइजीन का ध्यान खासतौर पर रखें, सर्दी के दिनों में ज्यादातर लोग बच्चे को एक-दो दिन के गैप पर नहलाते हैं, इसलिए हाइजीन मेंटेन रखना जरूरी है. उनके कपड़े रोजाना बदलते रहें नहीं तो जर्म्स बीमार कर सकते हैं. इसके अलावा पेरेंट्स कोशिश करें कि बच्चा कुछ भी खाए तो उससे पहले अपने हाथ जरूर साफ करें.

लिक्विड की शरीर में न होने दें कमी, सर्दियों में बड़े भी पानी पीना कम कर देते हैं, जो न तो त्वचा और बालों के लिए सही और न ही सेहत के लिए.

# मिनरल्स का खजाना सरसों-मेथी का साग

❑ 'सर्दियों के सुपरफूड' सीरीज में आज का फूड है– 'सरसों और मेथी का साग।'ठंड बढ़ने के साथ सब्जी मंडियों के शृंगार में हरा रंग बढ़ता जा रहा है। बाजार में तरह-तरह के साग मिल रहे हैं। इसमें सरसों और मेथी के साग के लिए लोगों की अलग ही दीवानगी दिखती है। इसे ऐसे समझिए कि सर्दियों में उत्तर भारत के कई रेस्टोरेंट और ढाबे सिर्फ सरसों-मेथी के साग के दम पर चलते हैं। यह साग लाजवाब स्वाद के साथ शरीर के लिए जरूरी न्यूट्रिशन से भरपूर होता है। इसमें कई जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स भी होते हैं। इसकी खास बात ये है कि ये लो कैलोरी फूड है और शरीर को सभी जरूरी माइक्रो न्यूट्रिएंट्स भी देता है। हमारी दादी-नानी सालों से सरसों और मेथी का साग बनाती आ रही हैं। यही कारण है कि पहले लोगों को 60-70 की उम्र तक भी सुई में धागा डालने के लिए चश्मे की जरूरत नहीं पड़ती थी।अब इंस्टेंट फूड की चाहत साग को थाली से दूर कर रही है। यह रेस्टोरेंट के स्पेशल मेन्यू का हिस्सा बनता जा रहा है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि सिर्फ 100 ग्राम मेथी के साग में रोजाना जरूरत का 186% आयरन मिल जाता है।

# ऊनी कपड़ों को कैसे करें स्टोर?



❑ 1. ऊनी कपड़ों को जिस भी आलमारी या बॉक्स में स्टोर करके रखना चाहते हैं, पहले उसे अच्छी तरह से साफ कर लें। फिर उसे धूप खिला लें। अब बाक्स में नीम की सूखी पत्तियां बिछाकर उन पर अखबार रख दें। इससे ऊनी कपड़ों पर नमी नहीं रहेगी। 2. स्वेटर्स को सेफ रखने का एक दूसरा तरीका यह है कि उसे मलमल के कपड़े में लपेटकर रखें। इससे भी स्वेटर्स में नमी नहीं आएगी। 3. ऊनी कपड़ों को जब भी आलमारी में रखें, तो बीच-बीच में साबुन के कुछ रैपर भी रख दीजिए। इससे ऊनी कपड़ों में नमी नहीं आएगी। 4. ऊनी कपड़ों को अगर लंबे समय के लिए स्टोर करके रखना है तो नेप्थलीन की गोलियों को छोटी-छोटी पोटलियों में बांध लीजिए। इन्हें अलमारी या जिस भी बॉक्स में ऊनी कपड़े रखे गए हैं, उसमें कोने-कोने में रख दीजिए। इससे कपड़ों में स्मेल नहीं आएगी। 5. एक तरीका यह भी है कि चार-पांच लौंग लेकर कपड़े की पोटली में उनका पाउच बना लें। ऐसे कई पाउच बना सकते हैं। इन पाउच को अब अलमारी या ऊनी कपड़ों के स्टोर बॉक्स में कोने-कोने में रख दीजिए। इससे ऊनी कपड़ों में बदबू नहीं आएगी।


# हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❑ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैद्यों की सलाह से करसे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.






**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# 'ईवीएम के वोटों में अंतर लेकिन मेरे पास सबूत...'

## दावों के बीच बोले शरद पवार



**मुंबई.**

महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आने के बाद शरद पवार का बयान आया है. उन्होंने कहा कि लोगों के मन में निराशा है. विपक्ष संसद में मुद्दा उठाता है लेकिन उनकी मांगें स्वीकार नहीं की जाती हैं. संसदीय लोकतंत्र का पालन नहीं हो रहा है. वहीं, वोटिंग और काउंटिग के बीच के अंतर के दावे पर शरद पवार ने कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई सबूत नहीं है.

पुणे में मीडिया से बातचीत में शरद पवार ने कहा,''यह पहली बार हुआ है कि देश में हुए चुनावों ने लोगों को बहुत अशांत कर दिया है. लोगों में निराशा है. हर दिन सुबह 11 बजे विपक्ष के नेता संसद में सवाल उठाते हैं. वे अपने मुद्दे रखते हैं लेकिन उनकी मांग संसद में स्वीकार नहीं की जा रही हैं और इससे साफ है कि संसदीय लोकतंत्र का पालन सही से नहीं किया जा रहा है.''

शरद पवार ने कहा,''अगर ऐसा होता रहा, तो यह सही नहीं है और इसके लिए हमें लोगों के बीच जाना होगा और उन्हें जागरूक करना होगा. ईवीएम के वोटों में कुछ अंतर हैं लेकिन इस वक्त मेरे पास इस संबंध में कोई सबूत नहीं है. कुछ लोगों ने दोबारा गिनती की मांग की है. इस संबंध में जो भी संभव हो सकता है किया जाएगा. कुछ लोगों ने दोबारा गिनती का आवेदन दिया है. देखते हैं क्या होता है लेकिन मुझे ज्यादा उम्मीद नहीं है.''

महाराष्ट्र के चुनावी नतीजे आने के बाद से विपक्ष ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगा रहा है. कांग्रेस ने तो यहां तक ईवीएम की जगह बैलट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग कर दी है. वहीं शिवसेना-यूबीटी ने यह दावा किया है कि कई विधानसभा सीटों पर वोटिंग से ज्यादा काउंटिंग हुई है तो कुछ पर वोटिंग से कम काउंटिंग हुई है. कांग्रेस ने दावा किया कि मनमाने ढंग से मतदाताओं का नाम हटाया गया और हर सीट पर 10 हजार से अधिक मतदाता जोड़ा गया है.

### चुनाव में महा विकास आघाड़ी को झटका

हाल ही में हुए महाराष्ट्र चुनावों में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस को 288 सीटों में से सिर्फ 16 सीटें मिलीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने 20 और एनसीपी (शरद पवार गुट) ने केवल 10 सीटों पर जीत हासिल की। इसके विपरीत, महायुति गठबंधन में शामिल भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 132 सीटें जीतीं। उनके सहयोगी शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने 57 और एनसीपी (अजित पवार गुट) ने 41 सीटें जीतीं।

## तीन लोगों से पिस्टल और कारतूस जब्त

**मुंबई.** तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन देशी और तीन विदेशी पिस्तौल और 67 जिंदा कारतूस जब्त किए.नेतृत्व वाले कार्यक्रम के साथ अत्याधुनिक एआई समाधान बनाएँ अभी शुरू करें गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अभिषेक कुमार अंजनी कुमार पटेल, 26, सिद्धार्थ सुबोध कुमार सुमन उर्फ गोलू, 23, और रचित रामशीष कुमार मंडल उर्फ पुष्पक, 27 शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, कांस्टेबल अमोल रामचंद्र टोडकर को एक विश्वसनीय स्रोत से सूचना मिली कि बिहार के कुछ लोग बिना लाइसेंस के हथियार और कारतूस बेचने के लिए दक्षिण मुंबई आ रहे हैं। सूचना के आधार पर, पुलिस ने पायधोनी इलाके में प्रभु होटल के सामने जाल बिछाया और पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया। तीनों आरोपी बैकपैक ले जा रहे थे और तलाशी के दौरान पुलिस को इनमें पिस्तौल और कारतूस मिले। पुलिस का दावा है कि उन्होंने उनके कब्जे से दो खाली मैगजीन और 67 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।



## साढ़े चार लाख के नकली ब्रांडेड कपड़े जब्त

**पुणे.** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर लेवी कंपनी के नाम पर नकली कपड़े बेचने वाली एक कपड़ा दुकान पर पुलिस ने छापा मारा. यह कार्रवाई एरंडवाने इलाके में की गई. इस कार्रवाई में 4 लाख 39 हजार रुपये कीमत की 118 जींस, शर्ट, टी-शर्ट जब्त की गईं. इस संबंध में अलंकार थाने में कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

कंपनी के अधिकारी राकेश सावंत को सूचना मिली कि एरंडवाने इलाके में गुलवानी महाराज रोड पर ब्रांड कैड क्लोदिंग में लेवी कंपनी के नकली कपड़े बेचे जा रहे हैं. इसके बाद उन्होंने क्राइम ब्रांच में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई. क्राइम ब्रांच की टीम ने कपड़े की दुकान पर छापा मारा. इस कार्रवाई में लेवी कंपनी की 4 लाख 39 हजार रुपए कीमत की 118 जींस, 15 शर्ट, 24 टी-शर्ट जब्त की गई। ब्रांड किड क्लोदिंग के मालिक के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेश बलकवड़े, अपराध शाखा के उपायुक्त निखिल पिंगले, सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में अपराध शाखा यूनिट 3 के पुलिस निरीक्षक रंगराव पवार, सहायक निरीक्षक मदन कांबले, उपनिरीक्षक राजेश पटोले, संजीव कलंबे, विनोद भंडालकर, राकेश टेकावड़े गणेश इंगले ने यह कार्रवाई की.

## इंडिगो एयरलाइंस के सहायक को कोर्ट ने दी राहत

**मुंबई.** उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महिला यात्री से उसका बैग छीनकर छेड़छाड़ करने के आरोप में इंडिगो एयरलाइंस के सहायक सुरक्षा प्रबंधक के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया। भारतीय दंड संहिता की धारा 354 को ध्यान में रखते हुए, संबंधित व्यक्ति का किसी महिला से छेड़छाड़ के उद्देश्य से बल प्रयोग करने का इरादा होना चाहिए। हालाँकि, ऐसा नहीं लगता कि याचिकाकर्ता का इस मामले में ऐसा कोई इरादा था। इसलिए, सबूतों के आधार पर, याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकती, न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने कहा। शिकायतकर्ता महिला और उसका पति 12 जनवरी 2016 को कोच्चि से अहमदाबाद होते हुए मुंबई आ रहे थे। विमान दोपहर में मुंबई पहुंचा. उस वक्त शिकायतकर्ता महिला का पति विमान के शौचालय का इस्तेमाल करना चाहता था.

## हमारी पार्टी का भी अपमान होता आया है

> आठवले का बड़ा बयान

**मुंबई.**



महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की भारी जीत के बाद नई सरकार बनने का इंतजार है. सीएम के चेहरे को लेकर अभी तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है. इस बीच केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने एक सवाल के जवाब में कहा है कि बीजेपी का हाईकमान तय करेगा कि प्रदेश में कौन मुख्यमंत्री बनेगा. उन्होंने ये भी कहा कि देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाया जाएगा.मुंबई में केंद्रीय मंत्री अठावले ने कहा,''मुख्यमंत्री रहते हुए भी देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में डिप्टी सीएम पद स्वीकार किया था.अब वैसे ही एकनाथ शिंदे को भी डिप्टी सीएम पद स्वीकार करना चाहिए. शिवसेना को कोई मार्ग निकालना चाहिए. बड़ा निर्णय लेने से अच्छा है कि छोटा निर्णय लें.'' उन्होंने आगे कहा,''एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को सबक सिखाया है. शिंदे को आगे मौका मिलेगा. क्या पता वह फिर से मुख्यमंत्री बन जाएं, लेकिन अभी बीजेपी के पास अच्छा समर्थन है तो मुख्यमंत्री तो बीजेपी का ही बनना चाहिए. हमारी पार्टी का भी अपमान होता आया है. अभी गृहमंत्री अमित शाह से महायुति के सभी नेता मिले लेकिन हमें नहीं बुलाया गया. हम भी अपमान सहते हैं लेकिन हमारी पार्टी बीजेपी के साथ है. केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार में हमें एक मंत्री पद चाहिए. अब फडणवीस क्या करते हैं, यह उनका निर्णय होगा. मुंबई के डिप्टी मेयर का पद भी हमारी पार्टी को मिलना चाहिए.

## ब्रेन डेड महिला ने 6 लोगों को दिया जीवनदान

**वसई.** वसई में एक मस्तिष्क मृत महिला की अंग प्रत्यारोपण सर्जरी सफल रही है और 6 लोगों को पुनर्जीवित किया गया है। इस महिला की दोनों किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट किया गया है. स्किन बर्न सेंटर और आंखों की दो कॉर्निया को सुरक्षित रूप से सहियारा आई बैंक को सौंप दिया गया है। पालघर जिले का रिद्धि विनायक अस्पताल अंग प्रत्यारोपण करने वाला पहला अस्पताल बन गया है। वसई की एक 50 वर्षीय महिला घर पर काम करते समय बेहोश हो गई। नालासोपारा के रिद्धि विनायक हॉस्पिटल ने ब्रेन सर्जरी कर उन्हें बचाने की कोशिश की. लेकिन वह ब्रेन डेड हो गई. रिद्धि विनायक अस्पताल के समन्वयक सागर वाघ और अंग दान आंदोलन के पुरूषोत्तम पवार ने महिला के परिवार को अंग दान के महत्व के बारे में समझाया। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार की डिविजनल ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटिंग कमेटी के नियमों के मुताबिक अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया की गई.

## चुनावों में खराब प्रदर्शन पर आत्मचिंतन करें

### >अशोक चव्हाण ने कांग्रेस नेताओं पर कसा तंज

**मुंबई.** महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन को भारी बहुमत मिलने के बाद नई सरकार के गठन की दिशा में काम किया जा रहा है. वहीं, महाविकास अघाड़ी के खराब प्रदर्शन पर सत्ताधारी पार्टियों के नेता गठबंधन के घटक दलों को घेरने में जुटे हैं. बीजेपी के राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण ने शुक्रवार (29 नवंबर) को कांग्रेस के अपने पूर्व सहयोगियों पर कटाक्ष किया और कहा कि पार्टी को हाल के विधानसभा चुनावों में अपने खराब प्रदर्शन के बारे में आत्म चिंतन करना चाहिए.

बीजेपी नेता अशोक चव्हाण ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा, ''जब मैंने 2009 में राज्य का नेतृत्व मुख्यमंत्री के तौर पर किया था, तो पार्टी ने 82 सीटें जीती थीं. मेरे बाद, पृथ्वीराज चव्हाण (2010 से 2014 तक मुख्यमंत्री) ने इसे



घटाकर 44 कर दिया और नाना पटोले (फरवरी 2021 से राज्य इकाई प्रमुख) ने अब 2024 के विधानसभा चुनाव में सीटों की संख्या घटाकर 16 कर दिया है.पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने आगे कहा, ''आंकड़े हमारे सामने हैं. राजनीति में जीतना एक प्रक्रिया है, इसलिए कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए.'' चव्हाण ने इस बात पर जोर दिया कि वह अपनी पूर्व पार्टी को सलाह नहीं दे रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि मैं 14 वर्षों तक 'वनवास' में था और मेरी भी भावनाएं हैं.

पृथ्वीराज चव्हाण से पहले अशोक चव्हाण दिसंबर 2008 और नवंबर 2010 के बीच मुख्यमंत्री थे. अशोक चव्हाण 2015 और 2019 के बीच महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी थे. लेकिन पार्टी से कुछ मतभेदों के चलते लोकसभा चुनाव से पहले इसी साल फरवरी में बीजेपी का दामन थामा था.

## अधिग्रुहीत जमीन का मुआवजा मालिक को भुगतान करें

**मुंबई.** उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भूमि मालिक को संपत्ति के मूल्यवान अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, 1970 में सिडको ने राज्य सरकार को नवी मुंबई शहर विकास परियोजना के लिए पनवेल तालुका के दो भाइयों अशोक और अतुल पुराणिक को भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि के लिए शेष मुआवजे का भुगतान छह सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया। संपत्ति का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकार है। लेकिन न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की पीठ ने भी इस मामले की आलोचना करते हुए इसे एक परिवार के संपत्ति विवाद का एक ज्वलंत उदाहरण बताया, जिसने पूरी भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को खतरे में डाल दिया है। इस मामले में भूमि मालिकों को भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिला या वे इसका लाभ नहीं उठा सके। इसके विपरीत, अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले ने सिडको और अन्य सरकारी प्राधिकरणों का समय और पैसा बर्बाद किया है।

## आव्हाड पर वोटिंग मशीन की जानकारी नष्ट करने का आरोप



**ठाणे.** हमारे कई उम्मीदवारों ने पुनर्मतगणना के लिए चुनाव विभाग को विधिवत भुगतान किया है। लेकिन चूंकि वोटिंग मशीन की जानकारी नष्ट हो गई थी, इसलिए दूसरी वोटिंग मशीन दिखाई जाएगी ताकि यह पता चल सके कि इस मशीन में कोई खराबी नहीं थी, शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए एनसीपी (शरद पवार समूह) नेता जितेंद्र अवाद ने आरोप लगाया कि यह एक बड़ा घोटाला है .

विधानसभा चुनाव में हारे हमारे कई उम्मीदवारों ने पुनर्मतगणना की मांग की है। उसके लिए निर्वाचन विभाग को प्रति मशीन 46 हजार रुपये का विधिवत भुगतान किया गया है. लेकिन चूंकि वोटिंग मशीन की जानकारी नष्ट हो गई थी, इसलिए यह दिखाने के लिए दूसरी वोटिंग मशीन दिखाई जाएगी कि मशीन में कोई खराबी नहीं थी। जीतेंद्र अवाद ने सवाल उठाया कि अगर जिस मशीन में वोट डाला गया, उसे नहीं दिखाया जाएगा और उसकी जगह दूसरी मशीन दिखाई जाएगी तो दोबारा गिनती का क्या फायदा? जिस वोटिंग मशीन में वोट डाला गया था, उसमें वोटिंग की जानकारी नष्ट हो गई है। इससे पता चलता है कि यहां घोटाला हुआ है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ छिपाने के लिए ऐसा किया जा रहा है.

2019 से 2024 के बीच 5 लाख नए मतदाता पंजीकृत हुए. इस प्रकार, लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान 4.6 लाख नये मतदाता पंजीकृत किये गये। चुनाव विभाग में कर्मचारियों की कमी है और उसकी प्रणालियाँ पुरानी हैं। साधारण मतदाता सूची सही नहीं है. यदि डुप्लीकेट मतदाताओं की शिकायत की जाती है तो भी उन्हें बाहर नहीं किया जाता है।

## फर्जी पुलिस, मनी लॉन्ड्रिंग का डर और महिला से ठगे 1 करोड़ रुपए

**पिंपरी.** खुद को पुलिसकर्मी बताकर बुजुर्ग महिला से ठगे रुपये. यह घटना सांगवी में 21 अक्टूबर से 29 नवंबर के बीच ऑनलाइन हुई थी. संबंधित महिला ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करायी है. इसके मुताबिक बंधन, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक के खाताधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. संबंधित महिला एक निजी कंपनी में उच्च पद से सेवानिवृत्त हुई है।

आरोपी ने शिकायतकर्ता को अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल किया। सोशल मीडिया पर व्हाट्सएप कॉल कर खुद को पुलिस बताया। साथ ही, वे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की वर्दी में अलग-अलग नामों से




पुलिस अधिकारी और मुंबई पुलिस होने का नाटक करते थे। आशंका है कि वादी के नाम के मोबाइल नंबर पर 17 गंभीर शिकायतें हैं। साथ ही, नरेश गोयल ने कहा कि उन्हें रुपये का कमीशन मिला है. इस मामले में गिरफ्तारी के डर से उसने उन पर जबरन रुपये देने का दबाव बनाकर धोखाधड़ी की। साइबर पुलिस जांच कर रही है.

## 'माफी नहीं मांगूंगा', मैंने जो कहा वो सही

### कांग्रेस एमएलसी जगताप का विवादित बयान

**मुंबई.** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में बड़ी हार के बाद महाविकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन चुनाव आयोग पर जमकर हमलावर है.एमवीए की घटक दल कांग्रेस लगातार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल खड़े कर रही है. इस बीच शुक्रवार को कांग्रेस नेता और एमएलसी भाई जगताप ने चुनाव आयोग पर विवादित बयान दे दिया है. जिसके बाद शिवसेना (शिंदे), बीजेपी समेत तमाम विपक्षी दलों ने जगताप के बयान का कड़ा विरोध जताते हुए मांफी की मांग की है. हालांकि कांग्रेस नेता ने माफी मांगने से इनकार कर दिया है.

चुनाव आयोग के लिए



अपने विवादित बयान पर कांग्रेस नेता भाई जगताप ने कहा कि मैं बिल्कुल माफी नहीं मांगूंगा, रत्ती भर भी नहीं. अगर आयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य मंत्रियों के दबाव में काम कर रहा है तो मैंने जो कहा वो सही है. मैं माफी नहीं मांगूंगा. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए है, किसी की सेवा करने के लिए नहीं है. मैंने जो कहा, उस पर कायम हूं. चुनाव आयोग को टी.एन. शेषन की तरह काम करना चाहिए.

**अनुशासन का सख्ती से पालन**

बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए. कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में हालिया चुनावी नतीजों, ईवीएम और मत पत्रों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.करीब साढ़े चार घंटे तक चली मैराथन बैठक में 81 नेताओं ने हिस्सा लिया.कार्य समिति की बैठक में दिए अपने अपने संबोधन में खरगे ने कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती.


## जाहिर सुचना

आम जनता को सुचित किया जाता है कि, अनिल अनंत गाडगीळ इनका निधन दि. 30.04.2017 को हो गया है।

इनके नाम पर निम्न गाडी है -

फोर-व्हीलर नं. MH31 - DK - 2864, SX4 VXI BS IV, Model - 2010, Color PMA White, Ch. No. MA3EFJC1S00175614LA, Eng. No. M16AN2035871 है।

उनका वारिस होने की हैसियत से उक्त वाहन का हस्तांतरण उनकी पत्नी विद्या अनिल गाडगीळ इनके नाम पर करना है। जिस किसी को इस बारे में आपत्ती है वे अपनी शिकायत 07 (सात) दिनों के भीतर दर्ज करें।

इसके बाद कोई आक्षेप मान्य नही होगा व हस्तांतरण प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

नागपुर, दि. 30.11.2024

**विद्या अनिल गाडगीळ**

प्लॉट नं. 13, खामला रोड, विवेकानंद नगर, नागपूर

मो. 9850620232



**कोर्ट विद्यमान सुनिल साळवे**
**नायब तसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी,**
**नागपूर शहर, यांचे कार्यालय, जिल्हा नागपूर.**

Email- www.tahsildarngpcity@gmail.com Phone No. 0712-2561975

क.ली/प्रस्तु-२/तह.नाग.(शहर)/कावि- २४६/२०२४

दिनांक ०१/०७/२०२४

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, दि. १५/१०/२०२३, **५)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे आदेश क्र. अका/डी-१/ जन्म-मृत्यु आदेश/कावि- १५८/२०२४ दि. ११/०५/ २०२४, **६) श्री कंकण गिरीधर कोल्हेकर,** वय ४७, धंदा- नौकरी, रा. प्लॉट नं. ३५२, लाल शाळेच्या समोर, बेझनबाग, नागपूर यांचा अर्ज दिनांक १३/०६/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **श्री कंकण गिरीधर कोल्हेकर,** वय ४७, धंदा- नौकरी, रा. प्लॉट नं. ३५२, लाल शाळेच्या समोर, बेझनबाग, नागपूर यांनी स्वत:च्या **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू **श्री कंकण गिरीधर कोल्हेकर** यांचा जन्म दिनांक ०८/०९/१९७७ रोजी राहत्या घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २,३,४ व ५ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार तथा कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का

(सुनील साळवे)
कार्यकारी दंडाधिकारी, नागपूर

Prasanna Publicity 09326927622



**PUBLIC NOTICE**

Pro. No. 7519 Dt. 19/11/24

**IN THE COURT OF JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 416-A**

**M.J.C. Case No. 1006/2024**

**Fixed For 19/12/2024**

**Applicant : 1) Manjeet Kaur W/o Kulwant Singh,** R/o Plot No. 189, Behind Baba Budhaji Gurrudauara, Baba Budhaji Nagar, VTC Dr. Ambedkar Marg, Nagpur, **2) Inderjeet Kaur W/o Gurpreet Singh Multani,** R/o Plot No. 189, Behind Baba Budhaji Gurrudauara, Baba Budhaji Nagar, VTC Dr. Ambedkar Marg, Nagpur, **3) Sarpreet Kaur D/o Gurpreet Singh Multani,** R/o Plot No. 189, Behind Baba Budhaji Gurrudauara, Baba Budhaji Nagar, VTC Dr. Ambedkar Marg, Nagpur, **4) Gurnoor Singh S/o Gurpreet Singh Multani,** R/o Plot No. 189, Behind Baba Budhaji Gurrudauara, Baba Budhaji Nagar, VTC Dr. Ambedkar Marg, Nagpur.

**--Versus-- Non-Applicants: Nil**

**Name of Deceased: 1) Gurpreet Singh S/o Kulwant Singh Multani, Died On: 10/09/2024,** R/o Plot No. 189, Behind Baba Budhaji Gurrudauara, Baba Budhaji Nagar, VTC Dr. Ambedkar Marg, Nagpur.

Whereas **Gurpreet Singh S/o Kulwant Singh Multani, Died On: 10/09/2024,** R/o Plot No. 189, Behind Baba Budhaji Gurrudauara, Baba Budhaji Nagar, VTC Dr. Ambedkar Marg, Nagpur. and Whereas **Manjeet Kaur W/o Kulwant Singh & Oth.** has presented an application to this Court for grant of **Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Manjeet Kaur W/o Kulwant Singh & Oth.** as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of **Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur** on **19th Day of December, 2024** at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, that **18th day of November, 2024.**

Seal

**By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622


## आज का राशिफल

मेष -मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण परेशान रहेंगे.

वृषभ -वृषभ राशि के जातको के लिए कल दिन खुशनुमा रहने वाला है. आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी.

मिथुन -मिथुन राशि के जो जातक सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत हैं, उनके लिए कल दिन अच्छा रहेगा, उनको सभी काम आसानी से पुरे हो सकेंगे.

कर्क -कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी कोई पुराना मित्र आपके लिए कोई निवेश संबंधी योजना लेकर आ सकता है.

सिंह -सिंह राशि के जातक कल किसी से किए हुए वादे को आसानी से पूरा कर पाएंगे. आप अपनी सोच व समझ से कामों को आसानी से पूरा करेंगे.

कन्या -कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी, क्योंकि इससे बिजनेस में कोई अच्छी दिल मिल सकती है.

तुला - तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं.

वृश्चिक - वृश्चिक राशि के जो जातक बिजनेस कर रहे हैं, उनके लिए दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा. आप किसी से धन उधार लेने से बचे, नहीं तो उसमे आपको समस्या आएगी.

धनु -धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको अपने पिताजी की सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा.

मकर -मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा. आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी से खटपट होने की संभावना है.

कुंभ -कुंभ राशि के जो जातक बिजनेस कर रहे हैं, उनकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी और यदि उनका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था.

मीन -मीन राशि के जातकों को कल कोई भी लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करने की आवश्यकता है. आपको किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड नहीं होना है.

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के 26 आरोपियों पर लगा मकोका

**मुंबई.** मुंबई क्राइम ब्रांच ने एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में गिरफ्तार सभी 26 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर में गंभीर धाराएं जोड़ दी हैं. इन धाराओं में अब मकोका भी शामिल है. एफआईआर में मकोका की गंभीर धाराएं जोड़े जाने के बाद से अब आरोपियों का बचना और भी मुश्किल हो गया है. पुलिस ने इस मामले में 26 लोगों को गिरफ्तार किया है, इस मामले में पुलिस ने महाराष्ट्र, यूपी और पंजाब से गिरफ्तारी की है.



मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस हत्या मामले में तीन फरार आरोपियों की पहचान भी की है. पुलिस ने फरार आरोपियों की पहचान शुभम लोनकर, निशान अख्तर और अनमोल बिश्नोई के रूप में की है. वहीं पुलिस को जब लॉरेंस बिश्नोई के भाई के बारे जानकारी मिली तो और हत्या से अनमोल बिश्नोई के तार जुड़े पाए गए तो मकोका की धाराओं के जोड़ा गया. हालांकि पुलिस की जानकारी के मुताबिक अनमोल अभी भी फरार है. मुंबई क्राइम ब्रांच ने अनमोल बिश्नोई को फरार आरोपी बताया और फिर इस मामले में महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राईम एक्ट यानी कि मकोका के संबंधित धाराएं भी जोड़ दीं. इसका उद्देश्य संगठित अपराधों को रोकना और विशेष कानूनी प्रावधानों के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है.


**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना: NGP/C/NFR/PUX/Canteen/24-3, दिनांक: 29.11.2024. कार्य का नाम**: परासिया रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में कामगारों के लिए स्टाफ कैंटीन सुविधाओं की व्यवस्था पांच वर्ष की अवधि के लिए। **आरक्षित मूल्य (प्रति वर्ष)**: रुपये 1,13,400/-. **कुल निविदा मूल्य**: रुपये 6,02,154 /-. **बयाना राशि जमा @ कुल निविदा मूल्य का 2%**: रुपये 12,100 /-. **निविदा दस्तावेज की कीमत**: रुपये 2,000/- (जॉन रिफंडेबल)। **निविदा खोलने की तिथि और समय**: 20.12.2024 को समय 15.30 बजे तक। **निविदा की वैधता:** निविदा सुचना खुलने से 60 दिन तक। विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर देखे।

DE/381

**एसीएम (कॉग), मध्य रेल,नागपुर**

**रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है**



**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना: NGP/C/NFR/MTY/Canteen/24-4, दिनांक: 29.11.2024. कार्य का नाम**: मुलताई रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में कामगारों के लिए स्टाफ कैंटीन सुविधाओं की व्यवस्था पांच वर्ष की अवधि के लिए। **आरक्षित मूल्य (प्रति वर्ष)**: रुपये 2,41,200/-. **कुल निविदा मूल्य**: रुपये 12,80,772 /-. **बयाना राशि जमा @ कुल निविदा मूल्य का 2%**: रुपये 25,700 /-. **निविदा दस्तावेज की कीमत**: रुपये 2,000/- (जॉन रिफंडेबल)। **निविदा खोलने की तिथि और समय**: 20.12.2024 को समय 15.30 बजे तक। **निविदा की वैधता:** निविदा सुचना खुलने से 60 दिन तक। विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर देखे।

DE/382

**एसीएम (कॉग), मध्य रेल,नागपुर**

**रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है**



**मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना: NGP/C/NFR/GGS/Canteen/24-8, दिनांक: 29.11.2024. कार्य का नाम**: घुग्गुस रेलवे स्टेशन के माल गोदाम में कामगारों के लिए स्टाफ कैंटीन सुविधाओं की व्यवस्था पांच वर्ष की अवधि के लिए। **आरक्षित मूल्य (प्रति वर्ष)**: रुपये 1,38,000/-. **कुल निविदा मूल्य**: रुपये 7,32,780 /-. **बयाना राशि जमा @ कुल निविदा मूल्य का 2%**: रुपये 14,700 /-. **निविदा दस्तावेज की कीमत**: रुपये 2,000/- (नॉन रिफंडेबल)। **निविदा खोलने की तिथि और समय**: 20.12.2024 को समय 15.30 बजे तक। **निविदा की वैधता:** निविदा सुचना खुलने से 60 दिन तक। विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर देखे।

DE/384

**एसीएम (कॉग), मध्य रेल,नागपुर**

**रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है**



## कृषि उत्पन्न बाजार समिति, रामटेक जि. नागपूर

जावक क्र. 287/2024-25 दिनांक:- 29/11/2024

### जाहिर सुचना

कृषि उत्पन्न बाजार समिति, रामटेक चे मुख्य बाजार आवारामध्ये सी.सी.टि.व्ही. कॅमेरे लावायवे आहेत. संपूर्ण परिसर कॅमेरे यामध्ये येईल याची दक्षता घेऊन, तरी ईच्छुक अनुभवी तांत्रिक दृष्ट्या सक्षम कंत्राटदारांनी सी.सी. टि.व्ही. कॅमेरे लावण्याकरीता लागणाऱ्या वस्तुचे दरपत्रक सिलबंध लिफाफ्यात कृषि उत्पन्न बाजार समिती रामटेकच्या कार्यालयात खालील प्रमाणे नमुद मुदतीत सादर करावे.

| अ. क्र. | नियोजित कामाची रक्कम | अनामत रक्कम रुपये | कोरे प्रपत्र विक्री दिनांक व प्रपत्र किंमत | सिलबंध निविदा स्विकारण्याचा अंतिम दिनांक व वेळ |
|---|---|---|---|---|
| १ | ९,९७,१२३/- | १०,०००/- | १००० रू. कार्यालयीन वेळेत दि.१/१२/२०२४ ते दि.७/१२/२०२४ | दि. १/१२/२०२४ ते दि. ७/१२/२०२४ पावेतो |

**अटी व शर्ती :-** १. कोटेशन सादर करतांना लिफाफ्यावर सी. सी. टी. व्ही कॅमेरे लावणे बाबतचा स्पष्ट उल्लेख करावा. २. सी.सी.टी.व्ही कॅमेरे व लावण्यात येणारे साहित्याची किमान २ वर्षाची गॅरंटी/वारंटी व निशुल्क सर्वीस द्यावी लागेल. ३. लावण्यात येणारे साहित्याचे दर हे GST सह सादर करावे. ४. कोणतेही कारण न दाखविता निविदा (कोटेशन) मंजुर, नामंजुर अथवा रद करण्याचे अधिकार समितीने आपल्याकडे राखून ठेवलेले आहेत. ५. सी.सी.टी.व्ही कॅमेरे व लावण्यात येणारे साहित्य कोणत्या कंपनीचे आहे, ते निविदेत स्पष्टपणे नमुद करावे. ६. समितीचे मुख्य बाजार आवारात लावण्यात येणारेकॅमेरे कुठे लावायचे व संपूर्ण परिसर कसा कॅमेच्यात येईल. याची प्रत्यक्ष पाहणी करून तसा अहवाल समितीकडून घेऊन कोटेशन सादर करतांना जोडणे आवश्यक राहील. वरील प्रमाणे अटी व शर्तीचे अधिन राहून दि. ७/१२/२०२४ पावेतो कोटेशन समितीकडे सादर करावे. ७. कोरे प्रपत्र अर्ज व शर्ती अटीं करीता तसेच विवरणाकरीता कार्यालयीन वेळेत संपर्क साधावा

**स्वा./-**
**सचिन किरपान**
**सभापती**
**कृ.उ.बा.स रामटेक**

**स्वा./-**
**हनुमंता ओं. महाजन**
**सचिव**
**कृ.उ.बा.स रामटेक**

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 1 दिसंबर 2024





## पेपर मिल कांटा गेट के पास अनियंत्रित ट्रक हुआ पलटी, चालक गंभीर

**बल्लारपुर.** तेलंगाना राज्य से आलू भरकर आने वाले अनियंत्रित ट्रक क्रमांक एपी 16 टीएच 1444 का नियंत्रण खोने से बाइक सवार को बचाने के चलते ट्रक पलटी हुआ है, जिससे ट्रक चालक को गंभीर चोट लगी है, यह घटना आज शाम करीब पांच बजे पेपर मिल कांटा गेट के पास हुई है, घटना की जानकारी मिलते ही बल्लारपुर पुलिस निरीक्षक सुनील गाड़े मौके पर पहुंचकर मार्ग सुचारू करवाया तथा तुरंत क्रेन बुलाकर पलटी ट्रक को सीधा करवाकर आलू की बोरिया लोड करके पुलिस स्टेशन के पास ट्रक रखा गया है, ट्रक ड्राइवर को इलाज के लिए दवाखाने में भेजा गया है, आगे की कार्यवाही बल्लारपुर पुलिस कर रही है।

## ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें हो रहीं बदहाल

> बनी रहती है दुर्घटना की संभावना
> आधे हेडलाइट में काली फिल्म लगाएं

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर जिले के अधिकांश मार्गो का चौडाईकरण और फोरलेन होने के बाद से वाहनों की गति बढ गई है. सडक अच्छी होने की वजह से अब अनेक कंपनी वाले कम लागत में अधिक माल ढुलाई के लिए वाहनों में ओवरलोड माल भर रहे है. इसकी वजह से सडकें बदहाल हो रही है. साथ ही वाहनों के हेडलाईन से छोटे वाहन चालकों की आंखें चुंधिया जाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. इसलिए ओवरलोड परिवहन बंद कर वाहनों के आधे हेडलाईट में काफी फिल्म लगाने की मांग की जारही है.

जिले में बडे पैमाने पर कोयला खान, सीमेंट प्लांट, पावर प्लांट, उद्योग है यहां के उद्योगों में कच्चा माल लेकर आने और तैयार माल को ले जाने के जाने प्रमुख रुप से सडक मार्ग का उपयोग किया जाता है. सडक मार्ग से ट्रकों की सहायता से माल की ढुलाई की जाती है. किंतु कई ट्रांसपोर्टर कम खर्च में अधिक माल ढुलाई के उद्देश्य से वाहनों में ओवरलोड माल भरते है. जो कि सडकों की क्षमता से कई गुना अधिक होता है. इसकी वजह से सडकों की हालत बदहाल होती जाती है. किंतु इस ओर वाहन मालिक अथवा ट्रांसपोर्टर कोई ध्यान नहीं देता है. नतीजा दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है.



**वाहनों के हेडलाईड में नहीं होती काली फिल्म**

रात के समय पर अधिकांश वाहनों की गति अधिक होती है. महामार्ग की सडक के डिवाइडर पर कई जगहों पर पौधारोपण नहीं किया है. इसकी वजह से दोनों दिशा से आने वाले वाहनों की हेडलाईड का प्रकाश एक दूसरे की आंखों पर पडता है. इसकी वजह से चालक की आंखें चुंधिया जाने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. यदि वाहनों के डेडलाईन के आधे हिस्से में काली फिल्म लगा दी जाये तो इस प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सकताहै.

### बिना तिरपाल कोयले की ढुलाई

जिले में कोयला खानों की संख्या अधिक है. कोयला खानों से निकलने वाले कोयले को ट्रकों की सहायता से रेलवे सीएचपी बंकर तक लाकर ट्रेन के वैगन में लोड किया जाता है. किंतु देखा गया है कि अनेक ट्रक चालक बिना तिरपाल से कोयला ढंके कोल परिवहन करते है. इसकी वजह से ट्रकों से कोयला गिरता चला जाता है. इसी प्रकार कुछ वर्षो पूर्व चंद्रपुर के मूल मार्ग पर एक कोयले से ट्रक को बडा ढेला पास से गुजर रहे दुपहिया चालक पर गिर गया था. जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया और दुपहिया बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी. इस प्रकार की घटनाएं कोयला गिरने से होती रहती है. इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ती न हो इसलिए वाहनों को तिरपाल से ढंककर कोल परिवहन की मांग भी की है. अनेक ट्रांसपोर्टरों ने शहर के बाहर की अघोषित पार्किंग जोन बना लिया है. उसी प्रकार चालक लोग जहां रहते है उस शहर के बाहर ही अपने ट्रकों को खडा कर देते है. इसकी वजह से वाहनों के दुर्घटना की संभावना बनी रहती है. इसलिए इस प्रकार के अघोषित पार्किंग जोन पर पाबंदी लगाने की मांग की है.

## बुलेट चलाने के शौक के चलते दो नाबालिगों ने की चोरी

**ब्रम्हपुरी.** 15 नवंबर 2024 को आसिफ अली जेसानी, उम्र 32 वर्ष, निवासी गुजरी वार्ड ब्रह्मपुरी ने पुलिस थाना ब्रह्मपुरी को रिपोर्ट दी कि 14 नवंबर 2024 से 15 नवंबर 2024 की रात उनके घर के सामने एनफील्ड कंपनी की हरे रंग की बुलेट क्रमांक MH 27 DD 4060 जिसकी कीमत तकरीबन 1,00,000/- रूपये किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी की गई है जिसकी तलाश करने पर भी नहीं मिलने पर मौखिक रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 552/24 धारा 303(2) भारतीय दण्ड संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया.

उक्त अपराध की जांच में सीसीटीवी फुटेज एवं गुप्त मुखबिरी के आधार पर आवलगांव, ब्रह्मपुरी के दो नाबालिगों ने बुलेट चलाने के शौक के चलते चोरी करने की बात कबूली. नाबालिग से चोरी की गई बुलेट और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई है.

उक्त कार्यवाही दिनकर ठोसरे एस.डी.पीओ एस.ब्रह्मपुरी के मार्गदर्शन में पु. नि. प्रमोद बनबाले, सहायक पो नि. मनोज खड़से, पोहवा योगेश शिवणकर, नापोका मुकेश गजबे, संदेश देवगडे, अजय कटैत, निलेश तुमसरे द्वारा की गई है..

## राख से मरीजों को परेशानी : रोकने के लिए करने होंगे उपाय

**दुर्गापुर.**

पिछले एक महीने से सिटीपीएस का ईकाइ की राख व रोपवे ट्रॉली का कोयले के धूल तथा वेकोलि कोयले परिवहन से धूल उड़ने के कारण आस पास के दो किलोमीटर तक के रहवासियों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.



सिटीपीएस के यूनिट क्रमांक 8 और 9 के ईकाइ से धुआं कम और सफेद राख ज्यादा निकलने से परिसर के दो किलोमीटर तक राखों की बारिश हो रहा है. बिजली उत्पादन के लिए बॉयलर में कोयले जलाया जाता है. कोयले जलने के बाद अधिकांश राख हापड में गिर जाता है, तो कुछ राख शक्तिशाली पंखे के दबाव में ईकाइ के माध्यम से बाहर आ जाता है और राख आस पास के क्षेत्रों में गिरता है. कोयले की जली राख स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होता है.

**स्वास्थ्य के लिए हानिकारक.**

ईकाइ से उड़ते कोयले की राख मानव सहित सभी जीव जंतुओं के लिए हानिकारक है. पेड़, पौधों, फसलों को भी नुकसान पहुंचाता है. जली हुई कोयले की राख सांसों के माध्यम से मनुष्यों के फेफड़ों में जा रही है. फेफड़े में राख जाने से अनेकों प्रकार की बीमारियां उतपन्न होती है.

**राख रोकने करने होंगे उपाय**

ईकाइ से सिर्फ धुंआ और गैस बाहर निकलना चाहिए. 150 मीटर ऊँची चिमनी से बड़ी मात्रा में कोयले की जली राख कैसे क्या बाहर आ रहा है? कोई न कोई तकनीकी गड़बड़ी है जिसे सुधारने की जरूरत है.

**शहर से लगकर है ईकाइ**

ईकाइ क्रमांक 8 और 9 चंद्रपुर शहर से बिल्कुल लगकर है. चिमनी के चारों तरफ घनी आबादी है. चिमनी से निकलने वाले राख मानव जीवन को जरूरत से ज्यादा प्रभावित कर रहा है. यही हाल रहा तो श्वसन संबन्धी बीमारी और हृदयघात से जुड़े रोग तेजी से बढ़ेंगे. जिलाधिकारी कार्यालय और महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण विभाग के समक्ष चिमनी से राख उड़ रहा है. बावजूद कोई सुधार नहीं किया जा रहा है.

## नेशनल हाईवे के नाले में मिला इंजीनियर का शव



**गढ़चिरोली:** यहां रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के नाले में जिला परिषद के एक इंजीनियर का शव मिला. मृतक इंजीनियर का नाम धनपाल भलावी (उम्र 40 वर्ष) है और वह सिरोंचा में जिला परिषद जल आपूर्ति विभाग में कार्यरत थे।

गोंदिया जिले के देवरी तहसील के रहने वाले भलावी का परिवार गढ़चिरौली शहर के पंचवटी नगर में किराए पर रहता है। भलावी बुधवार से लापता था. उसकी पत्नी रामटेक स्थित एक रिश्तेदार के यहां गई थी। भलावी की पत्नी ने गढ़चिरौली पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस बीच आज गढ़चिरौली में मूल मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने नाले में एक व्यक्ति का शव मिला। शव का सिर पानी में डूबा हुआ था। घटना स्थल पर नागरिकों की भीड़ जमा हो गई थी और इस घटना के जानकारी मिलतेही पुलिस भी मौके पर पहुंची गई थी. चूंकि भलावी की पत्नी ने अपने पति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, इसलिए पुलिस ने अनुमान लगाया कि शव उसका हो सकता है। उन्होंने भलावी के परिजनों को बुलाया और शव देखने को कहा. उन्होंने पुष्टि की कि शव भालवी का है। गढ़चिरौली पुलिस भलावी की मौत के कारणों की जांच कर रही है।

## दो ट्रकों की टक्कर में एक की मौत, एक गंभीर

**बल्लारपुर.** कोठारी के पास दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर होने से भयानक हादसा हो गया. एक चालक की मौत हो गई जबकि दूसरा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान मनोज कुमार रामधनी लोधी उम्र 34 निवासी अष्टभुजा वार्ड चंद्रपुर और घायल की पहचान पंकज मसिरकर निवासी खुटाला वार्ड चंद्रपुर के रूप में हुई है.



गुरुवार को कोठारी-गोंडपिपरी मार्ग पर घुमावदार सड़क पर दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई. ट्रक क्रमांक एमएच 33 टी 3484 गोंडपिपरी से कोठारी की ओर आ रहा था, तभी ट्रक क्रमांक एमएच 34 बी जेड 9177 के चालक ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर तेज गति और लापरवाही से चलाया और देवई कांटे से एक किमी पहले नागमोड़ी मोड़ पर आमने-सामने टक्कर मार दी. इससे ट्रक एमएच33टी3484 का केबिन आधा टूटकर दूसरे ट्रक पर लटककर गिर गया. ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई. आरोपी ट्रक ड्राइवर पंकज मासिरकर भी गंभीर रूप से घायल हो गया. उन्हें इलाज के लिए चंद्रपुर जिला सामान्य अस्पताल भेजा गया. इस हादसे के कारण इस सड़क पर कई घंटों तक यातायात बंद रहा. घटना की आगे की जांच कोठारी पुलिस थाने के थानेदार योगेश खरसान कर रहे हैं.

## शौचालय होते हुए भी गोदरीमुक्ति की उड़ रही धज्जियां

**चंद्रपुर.**




जिले के गोदरी मुक्त गांवों में कई लोगों ने शौचालय का निर्माण कराया है. लेकिन, देखने में आ रहा है कि बिना उपयोग किये ही खुले में शौच किया जा रहा है. इससे गांव में गंदगी का साम्राज्य कायम होने से ग्रामीणों का स्वास्थ्य खतरे में है. इसलिए शौचालय का उपयोग नहीं करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है.

ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय बनाने के लिए लगभग अधिकांश लोगों को सब्सिडी दी गई है. फिर भी 50 से 60 फीसदी लोग खुले में शौच करते हैं. इसके चलते संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

**घरेलू सामान रखने के लिए शौचालय का प्रयोग.**

शौचालय निर्माण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा 12 हजार रुपये का अनुदान दिया गया है. कई लोगों ने सब्सिडी से शौचालय बनवाए हैं. हालाँकि, शौचालय का उपयोग घरेलू सामान रखने के लिए किया जा रहा है. साथ ही ग्रामीण इलाकों में खुले में शौच करते लोगों की तस्वीरें सामने आ रही है. जब तक इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, खुले में जाना बंद नहीं होगा.

## जनता की समस्या हल करने में ग्रामपंचायत असफल

> गांववासियों की विभिन्न समस्याएं हल करने में ग्रापं उदासीन

**वरोरा.**



शेगांव ग्रामपंचायत वरोरा तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है. गांव की आबादी 10 हजार से ऊपर है. हालाँकि, उतनीही बडी समस्याए निर्माण करने में शेगांव(बू) ग्राम पंचायत क्षेत्र में पहचान निर्माण कर रहा है. लेकिन शेगांव बू. ग्रापं नागरीकों की समस्याएं हल करने में असफल होता दिखाई दे रहा है.

पिछले कई वर्षों से शेगांव(बू) गांव के निवासियों को पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है. इसके लिए ग्राम पंचायत ने 15वें वित्त आयोग से 2 कुओं की खुदाई कराई. उन कुओं में अपेक्षा से अधिक पानी है. लेकिन लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी लोगों को कुओं का पानी पीने के लिए नही मिल रहा है. जलजीवन मिशन के तहत गांव में हर घर नल योजना लागू की गई और इस तरह से खुदाई भी की गई. जिससे गांव की सड़क पर यातायात बाधित हो. लेकिन पिछले 2 साल से यह योजना ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है और इसका लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है. साथ ही इस खोदी गई सड़क के कारण जनता को अक्सर यातायात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा ग्रामपंचायत ने 5 कूड़ा कचरा घंटागाड़ियाँ भी खरीदीं लेकिन उसका भी लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ. उनमें से कुछ गाड़ियाँ स्थान पर धूल खा रही हैं और केवल एक या दो गाड़ियाँ ही सप्ताह में एक या दो बार गाँव में आ-जा रही हैं. ऐसे में गांव में गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है. साथ ही ग्राम पंचायत हर साल नालियों की सफाई के लिए लाखों रुपए खर्च करती है, लेकिन इतना कुछ करने के बाद भी आज भी नालियों में प्लास्टिक है, नालियों में कीचड़ है और हर तरफ दुर्गंध फैली हुई है. इसके अलावा, शेगांव ग्राम पंचायत तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है, लेकिन गांव में स्वच्छता की कोई सुविधा नहीं है.

केवल बाजारवाड़ी में पहले से ही एक शौचालय उपलब्ध है दूसरे की जरूरत नहीं होने पर दूसरा शौचालय बनवाकर जनता का लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी जनता की सुविधा के लिए एक भी शौचालय उपलब्ध नहीं है. गांव में मुख्य सड़क, बसस्टैंड से जिला परिषद स्कूल, आष्टा जाने वाली सड़क, छोटे गांव की सड़कें, गुजरी भरने का स्थल, इंडियन बैंक क्षेत्र, बाजारवाड़ी आदि स्थानों पर अतिक्रमण का जाल फैला हुआ है जिससे यातायात में समस्या निर्माण हो रही है. लेकिन शेगांव ग्राम पंचायत ने जानबूझकर इस गांव की इन सभी समस्याओं से आंखें मूंद ली हैं.

## अवैध रेत परिवहन करते हाइवा ट्रक जब्त

**बल्लारपुर.** तालुका के बामनी में तहसीलदार ने अवैध रेत की तस्करी कर रहे एक हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया. यह कार्रवाई शुक्रवार 28 नवंबर शाम 5 बजे की गई. बामणी में हाइवा ट्रक क्रमांक एमएच 03 सीवी 1793 अवैध रेत परिवहन करते पाया गया. इसे जब्त कर लिया गया.



जिन ट्रकों की बात हो रही है वे बिना नंबर के हाईवा में रेत का परिवहन कर रहे थे. जैसे ही यह जानकारी तहसीदार को मिली तो उनकी टीम ने हाइवा ट्रक को जब्त कर लिया. जब हाइवा ट्रक ड्राइवर संतोष कोडापे से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि ट्रक शंकर मुरांडे का है और रेत परिवहन कर रहे थे. हाइवा ट्रक को जब्ती की कार्यवाही हेतु तहसील कार्यालय बल्लारपुर में रखा गया है. यह कार्रवाई तहसीलदार अभय गायकवाड के मार्गदर्शन में बल्लारपुर मंडल अधिकारी किशोर नवले, कोठारी मंडल अधिकारी सुजीत चौधरी और तलाठी अजय नौक्कर, पिल्लई, अकोजवार और कोतवाल अमोल डोंगरे ने की.

## गोदाम के अभाव से घर में ही पड़ा खेती माल

**चंद्रपुर.** दशहरे के बाद से ही किसानों के घरों में सोयाबीन की आवक शुरू हो गई है. बहुत कम उत्पादन वाले किसानों ने त्योहार के समय अपनी फसलें बेचीं. इसमें उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा. जिन किसानों ने थोड़ा अधिक उत्पादन किया, उन्होंने अपनी जरूरतों के लिए माल बेच दिया और बाकी का भंडारण कर लिया. उन्हें उम्मीद है कि आज या कल रेट बढ़ाए जाएंगे. हालांकि, किसान फिलहाल चिंता में है. फिलहाल भाव बढने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं और कर्ज व उधारी कैसे चुकाएं? ये सवाल उन्हें



परेशान कर रहा है.

सोयाबीन की बोरियाँ और ढेर घर में होने पर कपास निकालना शुरू हो गया है. दिवाली के लिए कुछ किसानों ने कपास को बेच दिया तो कई कपास अभी भी बेचना शेष है. लेकिन दाम नही होने के कारण कपास का भंडारण घर में ही है. आज कृषि उपज गारंटी मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदी जा रही है. इस दाम पर बेचने पर खेती की लागत निकालना मुश्किल हो गया है. ऐसे में किसानों को चिंता सता रही है कि वे अन्य चीजों का खर्च कैसे उठाएंगे. किसानों ने कृषि सामग्री उधार पर खरीदी है. सामग्री विक्रेताओं की मांग बढ़ गई है खेतमाल की बिक्री होते ही साहित्यों की राशी देने की बात किसानों ने विक्रेता से कही है. लेकिन तारीखें लंबी होती जा रही हैं जिसके कारण कृषि सामग्री विक्रेताओं का दबाव किसानों पर बढ़ता जा रहा है. बैंक से लोन लिया गया है.

## सागौन तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई

**एटापल्ली:** ग्रामीणों को संदेह था कि सागौन चिरान का माल तस्करी के उद्देश्य से तहसील के जवेली वन क्षेत्र में छिपाया गया था. इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर 25 सागौन के बिट जब्त किये गये. यह कार्रवाई शुक्रवार 29 नवंबर को की गई.

एटापल्ली तहसील के अधिकांश गाँव छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगे हैं। इस सीमावर्ती क्षेत्र से बड़ी मात्रा में सागौन की तस्करी की जाती है. इसी प्रकार जवेली ब्लॉक क्रमांक 102, उपक्षेत्र बुर्गी के वन क्षेत्र में जवेली के लोगों ने 25



सागौन के तख्ते देखे। ग्रामीण उक्त बोर्ड गोटूल भवन ले आए और वन अमले को सूचना दी। शुक्रवार को एटापल्ली की वन मंडल अधिकारी नीलिमा खोबरागड़े और वन अमला जवेली गांव पहुंचे और गोटुल में रखे सागौन के चिरान सामग्री को जब्त कर लिया. वन परिक्षेत्र अधिकारी खोबरागड़े ने उक्त सागौन की तस्करी छत्तीसगढ़ राज्य में किये जाने की आशंका व्यक्त की है।

## विकलांग भतीजी से दुष्कर्म करने वाला चाचा गिरफ्तार

**कोरची:** तालुका के एक गांव में 29 दिसंबर को चाचा द्वारा दिव्यांग भतीजी से दुष्कर्म करने की घिनौनी घटना सामने आई थी. इस संबंध में बेडगांव में आरोपी चाचा के खिलाफ दुष्कर्म एवं बाल यौन शोषण निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.

पुलिस के मुताबिक 28 नवंबर को दोपहर 3 बजे पीड़िता के घर से माता-पिता और आरोपी की पत्नी कोरची के साप्ताहिक बाजार गए थे. घर में मौजूद आरोपी की मां भी शौच के लिए खेत में गई थी.

इसी बीच घर पर कोई नहीं होने का फायदा उठाकर 50 वर्षीय चाचा ने अपने भतीजी के साथ दुष्कर्म किया. घटना तब सामने आई जब पीड़ित नाबालिग विकलांग लड़की शाम को अपने माता-पिता और रिश्तेदारों के बाजार से घर लौटने के बाद रोने लगी। परिजन भागकर बेड़गांव पुलिस के पास पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने रात में ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस निरीक्षक शैलेन्द्र ठाकरे के मार्गदर्शन में बेडगांव सहायता केंद्र के उपनिरीक्षक शिवाजी धाकरे जांच कर रहे हैं.

विश्व एड्स दिवस विशेष

## एड्स के प्रति जागरूकता समय की मांग

> नियमित एड्स जांच करवाकर बचा जा सकता है




**चंद्रपुर.** एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है. एड्स एक ऐसी बीमारी है जिसका वैज्ञानिक अभी तक कोई कारगर इलाज नहीं ढूंढ पाए हैं. बचाव ही इस बीमारी का एकमात्र इलाज है। यह रोग ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस के संक्रमण से होता है. इसलिए जन जागरूकता के माध्यम से नियमित रूप से जागरूक रहकर एड्स से बचा जा सकता है.

एचआईवी एक वायरस है. यह वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है और उन कोशिकाओं को नष्ट कर देता है। इसके कारण व्यक्ति का शरीर सामान्य बीमारियों का सामना नहीं कर पाता है. साथ ही अगर एचआईवी का सही समय पर इलाज न किया जाए तो यह बीमारी और भी गंभीर हो जाती है और एड्स का कारण बन जाती है. एचआईवी एक वायरस है. यह सीधे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की टी कोशिकाओं पर हमला करता है। एड्स एक मेडिकल सिंड्रोम है. यह सिंड्रोम एचआईवी संक्रमण के बाद विकसित होता है. एचआईवी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। हालाँकि, एड्स संक्रामक नहीं है। एड्स न केवल यौन संबंध बनाने से होता है, बल्कि यह किसी ऐसे व्यक्ति के खून के आपके शरीर में प्रवेश करने से भी हो सकता है, जिसे यह बीमारी है। या फिर अगर उस व्यक्ति को लगाई गई सुई किसी और को लगाई जाए, तो भी बीमारी फैल सकती है.

### ये हैं लक्षण

प्रारंभिक चरण में, कई लोगों को एचआईवी एड्स के किसी भी लक्षण का अनुभव नहीं होता है। हालाँकि, कुछ लोगों को फ्लू जैसे लक्षण, जैसे बुखार, सिरदर्द और थकान का अनुभव हो सकता है, जो वायरस के संपर्क में आने के 2-4 सप्ताह के भीतर हो सकता है। जैसे-जैसे वायरस बढ़ता है, लक्षणों में सूजन लिम्फ नोड्स, वजन कम होना, दस्त और रात में पसीना आना शामिल हो सकते हैं। एचआईवी के बाद के चरणों में, जब यह एड्स में बदल जाता है, तो लक्षणों में लगातार खांसी, सांस लेने में तकलीफ और बार-बार बुखार आना शामिल हो सकता है.

### एचआईवी से बचाव कैसे करें ?

एचआईवी से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है. किसी व्यक्ति को इंजेक्शन लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली सुई का दोबारा उपयोग नहीं किया जाना चाहिए. सुरक्षित यौन संबंध बनाएं. इसके अलावा किसी व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल किए गए ब्लेड का इस्तेमाल भी शेविंग के लिए नहीं करना चाहिए. किसी अन्य व्यक्ति के उपकरण का उपयोग न करें जहां किसी अन्य व्यक्ति का खून लगा हो. इसके माध्यम से जागरूक रहकर एड्स जैसी बीमारी से बचा जा सकता है। एचआईवी के बारे में कई लोगों के मन में गलत धारणाएं हैं. एचआईवी मच्छर के काटने, एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को छूने, एक साथ खाने, संक्रमित व्यक्ति से बात करने या एक ही शौचालय को कई लोगों के साथ साझा करने से फैलता है। लेकिन ये महज़ ग़लतफ़हमी है.

# 'एनिमल' स्टार संग इंटीमेट हुई ईशा गुप्ता



बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से तो कई हसीनाओं ने लोगों का दिल जीता है. लेकिन आज हम जिस एक्ट्रेस की बात करने जा रहे हैं, उन्होंने अपनी एक्टिंग से ज्यादा बोल्ड लुक्स से लोगों को बेचैन कर रखा है. इस हसीना ने अब तक कई फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है, लेकिन लोग इन्हें इंटीमेट सीन और बोल्ड अदाओं के लिए ही जानते हैं. अब हाल ही में इस एक्ट्रेस ने अपने इंटीमेट

सीन्स पर बात की है, साथ ही एक ऐसा बड़ा खुलासा किया है, जिसे सुनकर आप भी दंग रह जाएंगे.

ईशा गुप्ता ने 12 साल पहले 'जन्नत 2' फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी. अपनी पहली ही फिल्म में उन्होंने इमरान हाशमी संग बोल्ड सीन्स दिए थे और हर तरफ उनकी चर्चा होने लगी थी. कुछ समय पहले एक्ट्रेस ने बताया था कि उन्हें बोल्ड सीन देने में कोई दिक्कत नहीं हैं. एक्ट्रेस ने अपने से 16 साल बड़े एक्टर संग भी बोल्ड सीन्स दिए है. आश्रम 3 वेब सीरीज में एनिमल एक्टर बॉबी देओल के साथ ईशा के कई इंटीमेट सीन हैं.

एक तरफ जहां , एक्ट्रेस इंटीमेट सीन के लिए जानी जाती है. एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है. वहीं दूसरी तरफ एक्ट्रेस के बारे में एक चीज जानकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी. जहां बाघ का नाम सुनते ही लोगों की धड़कने तेज हो तादजी है और लोग भागन लगेत हैं. वहीं ईशा अपने पास बाघ की आंख रखती हैं. जी हां, एक्ट्रेस ने एक बार खुद खुलासा किया था कि बुरी नजर से बचाने के लिए वो अपने पास बाघ की आंख को रखती है.

# स्टेज पर जमकर थिरके पुष्पा और श्रीवल्ली



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पुष्पा 2' 5 दिसंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का फैंस बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अल्लू अर्जुन भी अपनी इस अपकमिंग मूवी का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं. अब हाल ही में अल्लू अर्जुन और रश्मिका फिल्म के प्रमोशन के लिए एक इवेंट में पहुंचे, जहां से उनका एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में रश्मिका मंदाना ब्लैक साड़ी में बेहद ही ग्लैमरस लग रही हैं तो वहीं अल्लू अर्जुन भी अपने लुक्स से कहर ढा रहे हैं.'पुष्पा' के इस प्रमोशनल वीडियो को विरल भयानी के इंस्टाग्रान हैंडल पर शेयर किया गया है. इस वीडियो में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और अल्लू अर्जुन 'सामी' गाने का सिग्नेचर स्टेप करते दिख रहे हैं. वीडियो में पुष्पा और श्रीवल्ली के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिल रही है. वीडियो में जहां अल्लू अर्जुन ब्लैक सूट में बहुत हैंडसम लग रहे हैं तो वहीं रश्मिका इस ब्लैक साड़ी में बला की खूबसूरत लग रही हैं. दोनों के इस वीडियो पर लोग जमकर प्यार बरसा रहे हैं, साथ ही दोनों की केमेस्ट्री की भी खूब तारीफ कर रहे हैं.अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के इस वीडियो पर लोग जमकर कमेंट्स कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'ये दोनों साथ में बहुत प्यारे लग रहे हैं.' तो वहीं एक दूसरे यूजर ने इस वीडियो पर दिल का इमोजी बनाकर रिएक्ट किया है. बता दें कि सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'पुष्पा 2' में फहाद फाजिल नेगेटिव रोल में हैं.

# 'पंजाबी बहू' कटरीना ने दिखाया अपना देसी अवतार



बॉलीवुड इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस कटरीना कैफ जहां भी नजर आती हैं कि पैपराजी के कैमरे उनकी तरफ घूम जाते हैं. कटरीना कैफ हाल ही में एयरपोर्ट पर नजर आई हैं और उनकी नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस ने येलो कलर का सूट पहना हुआ था, जो उन पर काफी जच रहा था. कटरीना कैफ के फैंस को अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस का देसी अंदाज काफी पसंद आ रहा है और वह उन पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं.

कटरीना कैफ को देखते ही पैपराजी के कैमरे एक्टिव हो जाते हैं. वह हाल ही एयरपोर्ट पर नजर आईं और कैमरे में कैद हो गईं. कटरीना कैफ की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. उन्होंने येलो कलर का सूट पहना हुआ था और ब्लैक चश्मा लगाया हुआ था. कटरीना की प्यारी स्माइल लोगों का दिल धड़का रही है. फैंस अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की तस्वीरों पर प्यारे कमेंट कर रहे हैं. कटरीना कैफ ने अपने फैंस को निराश नहीं किया. उन्होंने एयरपोर्ट पर अपने फैंस को फोटो क्लिक करवाने का पूरा मौका दिया. कटरीना कैफ के वर्क्रफ्रंट की बात करें तो वह पिछली फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में नजर आई थीं. उनकी अपकमिंग फिल्मों का फैंस इंतजार कर रहे हैं. कटरीना कैफ की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 2021 में विक्की कौशल संग शादी की थी. ये दोनों एक-दूसरे को काफी समय से डेट कर रहे थे.

# विश्व कामना के लिए हवन करवाएंगे राजपाल यादव



बॉलीवुड के मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं राजपाल यादव. उन्होंने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की है. उन्होंने अपने करियर में कई कॉमिक रोल्स कर के दर्शकों को खूब हंसाया है. एक्टर हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचे हैं. एक्टर वहां पहुंच कर ना सिर्फ त्रिवेणी की धारा में आस्था की डुबकी लगाएंगे बल्कि अपने आध्यात्मिक गुरु के आशिर्वाद से संगम की रेती पर सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कराकर विश्व के कल्याण की कामना भी करेंगे.

इसी सब के बीच राजपाल यादव भी प्रयागराज पहुंचे हैं. यहां उन्होंने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचकर कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद से मुलाकात की है. उन्होंने दादा शिष्य मंडल की ओर से आयोजित सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण महायज्ञ के लिए जमीन और सुविधाओं का औपचारिक तौर पर आवेदन किया है.

उन्होंने बताया कि इस बार सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण महायज्ञ के जरिए विश्व कल्याण की कामना की जाएगी. एक्टर ने आगे बताया कि यह एक ऐसी अध्यात्मिक नगरी है. जहां आकर ना सिर्फ

# आईएएस ऑफिसर बनना चाहती थीं राशि खन्ना



हिंदी, तेलुगु और तमिल फिल्मों के लिए मशहूर राशि खन्ना आज अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं। उन्होंने 2013 की हिंदी फिल्म 'मद्रास कैफे' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इस फिल्म में उनके अपोजिट जॉन अब्राहम थे और राशी ने उनकी वाइफ का रोल प्ले किया था। इस फिल्म से वह लाइमलाइट में आईं। उसके बाद 2014 की तेलुगु फिल्म 'ओहालु गुसागुसलेड', 2018 की तमिल फिल्म 'इमाइक्का नोडिगल' और 2017 की मलयालम फिल्म 'विलेन' में एक्टिंग डेब्यू किया। यंग पैन इंडिया स्टार राशि खन्ना पिछले कई दिनों से अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं।

कई फिल्मों में काम कर चुकी राशी खन्ना ने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। वह 12वीं क्लास की बोर्ड परीक्षा में टॉपर थीं। उन्हें पढ़ाई करने का बहुत शौक रहा है। वह कभी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं। इस वजह से उन्होंने एक कॉपीराइटर के रूप में अपना करियर बनाने का फैसला किया, लेकिन उनकी किस्मत में कुछ और ही लिखा था। अब राशि खन्ना बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में तहलका मचा रही हैं।

राशि आईएएस ऑफिसर बनने का सपना देखती थीं। हालांकि, उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अब वह इंडिया की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं। एक्ट्रेस ने अपनी सुपरहिट फिल्मों के अलावा शानदार गानों के लिए भी मशहूर हैं। उन्होंने 'यू आर माई हाई' और 'विलेन' जैसे कुछ गाने भी गाए हैं। राशि खन्ना को इंडस्ट्री में वैसी ही शुरुआत मिली जैसा हर कलाकार अपनी फिल्मों के लिए चहाता है। उनकी शुरुआती फिल्मों ने बड़े पर्दे पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

# बिकनी पहन पूनम ने बरपाया कहर

पूनम पांडे का नाम बोल्ड एक्ट्रेस की लिस्ट में आता है. एक्ट्रेस अक्सर अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर तहलका मचाती नजर आती हैं. उनकी हॉट और बोल्ड तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर देखने को मिल जाती है, जिसे देख फैंस बेकाबू होते नजर आते हैं. इसी बीच अब हाल ही में पूनम ने एक बार फिर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर ठंड के मौसम में इंटरनेट पर आग लगा दी है.



पूनम पांडे ने कुछ देर पहले ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ हद से ज्यादा हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखते ही फैंस के होश उड़ चुके हैं. इन तस्वीरों में वह बिकनी पहन बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में येलो कलर के बिकनी में पूनम का किलर अवतार देखने को मिल रहा है. पूनम ने इस लुक में कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं.पूनम पांडे की इन तस्वीरों ने फैंस के दिलों की बेकरारी बढ़ा दी है. हर तस्वीर में पूनम पांडे अपनी परफेक्ट अदा फ्लांट कर रहीं हैं, उनकी दिलकश अदाओं से फैंस नजरें ही नहीं हटा पा रहें हैं, वे पूनम पांडे की इन तस्वीरों को निहारते ही जा रहें हैं और साथ ही इंटरनेट पर साझा भी कर रहें हैं. पूनम की इन तस्वीरों में ठंड के मौसम में इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है. पूनम के इस पोस्ट पर हजारों लाइक्स आ चुके हैं, फैंस तो पूनम की इन तस्वीरों को देख आहें भरने लगें हैं, कुछ कमेंट बॉक्स में पूनम पांडे की हॉट और बोल्ड अदाओं की तारीफ कर रहीं हैं.

# 'जीक्यू मैन ऑफ द ईयर' में सितारों ने बिखेरा जलवा

फिल्म इंडस्ट्री में बीते दिन 'जीक्यू मैन ऑफ द ईयर' का आयोजन हुआ, जिसमें बॉलीवुड के कई दिग्गज सितारे पहुंचे. इस दौरान जहां नोरा फतेही ब्लैक आउटफिट में अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट कर रही थीं तो वहीं दूसरी ओर 'स्त्री' एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने अपने आउटफिट से इवेंट में बोल्डनेस का तड़का लगा दिया. अब इवेंट की यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. इन फोटोज में सितारों के लुक्स लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं.

इन तस्वीरों में एक्ट्रेसक श्रद्धा कपूर ब्लैक कलर के शॉर्ट आउटफिट में बला की खूबसूरत लग रही हैं. इसके साथ ही उन्होंने व्हाइट कलर के हाई बूट्स पहने हुए हैं. तृप्ति डिमरी ऑफ व्हाइट कलर के फ्लोरल प्रिंट प्रिंसेस गाउन में नजर आ रही हैं. इन तस्वीर में तृप्ति अपनी स्माइल से फैंस का दिल लूट रही हैं.

अरबाज खान की एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया भी इस इवेंट में शामिल हुईं. इस दौरान उन्होंने ब्लैक कलर का ऑफ शॉल्डर क्रॉप टॉप पहना था.

इस इवेंट में मौनी रॉय गोल्डन कलर का आउटफिट पहनें नजर आई थीं. इस तस्वीर में मौनी अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं. एक्ट्रेस अनुष्का सेन ब्लैक कलर का आुटफिट पहनकर इस इवेंट में शामिल हुई थीं. इस तस्वीर में अनुष्का अपना मिडरीफ फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस ऑफ शॉल्डर ड्रेस में एक्ट्रेस नोरा फतेही बला की खूबसूरत लग रही हैं. तस्वीर में नोरा के लुक्स को देख फैंस घायल हो गए हैं.

एक्टर अर्जुन कपूर इस इवेंट में ब्लैक कलर का सूट पहने दिखे, जिसमें वह बहुत हैंडसम लग रहे थे.

एक्टर कार्तिक आर्यन व्हाइट कलर का सूट पहनकर पहुंचे थे. इस तस्वीर में कार्तिक के लुक को देख लड़कियां आंहें भर रही हैं. वहीं फेबुलस लाइव्स वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स की शालिनी पासी भी इस इवेंट में शामिल हुईं. जिसमें शामिल अपने लुक्स से कहर ढा रही थीं. हालांकि इवेंट में करिश्मा तन्ना बॉस लेडी लुक में नजर आईं. इस दौरान एक्ट्रेस सूट-बूट में बहुत जबरदस्त लग रही थीं.

# दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 233 रनों से हराया

### डब्लूटीसी में भारत को होगा फायदा

**डरबन.**

दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुक़ाबला डरबन के किंग्समीड पर खेला गया। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्रीलंका को 233 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया है। यह श्रीलंका के खिलाफ उनकी दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2017 में केप टाउन में अफ्रीका ने श्रीलंका को 282 रनों से हराया था.




इस मैच में दक्षिण अफ्रीका के लिए ऑलराउंडर मार्को यनेसन ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 6.5 ओवर में मात्र 13 रन देकर सात विकेट और दूसरी पारी में 21.4 ओवर में 73 रन देकर चार विकेट झटके। इस तरह यनेसन ने इस मैच में 86 रन देकर 11 विकेट झटके। यह डरबन में किसी भी गेंदबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे अच्छा फिगर है।

श्रीलंकाई पारी में चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के मध्यम गति के गेंदबाज यानसेन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 6.5 ओवर में 13 रन देकर सात विकेट झटके। यानसेन ऑस्ट्रेलिया के ह्यूज ट्रम्बल (इंग्लैंड के खिलाफ 1904 में) के बाद टेस्ट पारी में सात ओवर के अंदर सात विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ऐसे में साउथ अफ्रीका पहली पारी में 191 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उसके जवाब में श्रीलंका 42 रन पर ढेर हो गई। वहीं अब दूसरे दिन के खेल खत्म होने तक साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट पर 132 रन बना लिए हैं और उनके पास 281 रन की लीड है।

### 2020 में 36 रन पर ऑल आउट हो गया था भारत

आपको बता दें कि 2020 में भारतीय टीम एडिलेड में खेले जा रहे सीरीज के पहले टेस्ट में सिर्फ 36 रन पर ऑस्ट्रेलिया के सामने ऑल आउट हो गया था। यह कारनामा दूसरी पारी में हुआ था। भारतीय टीम वो मैच 8 विकेट से हार गई थी।

# 13 साल के वैभव सूर्यवंशी का खास रिकॉर्ड

**नई दिल्ली.**

बिहार के 13 साल के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के बाद से ही काफी सुर्खियों में हैं. बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ 10 लाख की कीमत पर खरीदा था. वैभव आईपीएल के लिए चुने जाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं. वह फिलहाल यूएई में मेन्स अंडर-19 एशिया कप 2024 खेल रहे हैं. इस मुकाबले के पहले ही मुकाबले में उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. हालांकि वह बतौर बल्लेबाज इस मैच में कुछ खास नहीं कर सके.



वैभव सूर्यवंशी ने पिछले महीने ही ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम के खिलाफ एक कमाल की पारी खेली थी. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 64 गेंदों का सामना कर 104 रन बनाए थे. इस दौरान उन्होंने 58 गेंदों पर ही अपना शतक पूरा कर लिया था. इस विस्फोटक पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के लगाए थे. इसी के साथ वह अंडर 19 टेस्ट में सबसे तेज शतक जमाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी बने थे. वहीं, इसी साल बिहार क्रिकेट संघ की तरफ से आयोजित रणधीर वर्मा अंडर-19 वनडे प्रतियोगिता में वैभव सूर्यवंशी ने तीहरा शतक भी लगाया था. अंडर-19 टूर्नामेंट के इतिहास का ये पहला तिहरा शतक भी था.वैभव सूर्यवंशी ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले के लिए मैदान में कदम रखते ही इतिहास रच दिया. दरअसल, वैभव सूर्यवंशी अब भारत के लिए अंडर-19 वनडे खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने ये मैच 13 साल और 248 दिन की उम्र में खेला. इससे पहले ये रिकॉर्ड पीयूष चावला के नाम था. पीयूष चावला ने 14 साल और 311 दिन की उम्र में भारतीय अंडर-19 टीम के लिए वनडे मैच खेला था.हालांकि वैभव सूर्यवंशी के लिए ये डेब्यू मैच कुछ खास नहीं रहा. वैभव इस मैच में बतौर ओपनर खेले थे, लेकिन वह 9 गेंदों पर सिर्फ 1 रन ही बना सके और अपना विकेट गंवा बैठे. वैभव ने बाहर की ओर जाती ही गेंद को छेड़ने की कोशिश की जिसके चलते वह विकेटकीपर को कैच दे बैठे. यानी वैभव सूर्यवंशी डेब्यू मैच में अपने फैंस और आईपीएल टीम की उम्मीदों

# 19 साल के पाकिस्तानी बल्लेबाज की तूफानी पारी

**नई दिल्ली.**

यूएई में मेन्स अंडर-19 एशिया कप 2024 खेला जा रहा है. इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपना पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेल रही है. दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में पाकिस्तान के एक बल्लेबाज ने तूफानी पारी खेली. इस खिलाड़ी में मैदान के चारों ओर रन बनाए और चौके-छक्कों की बारिश कर दी. 19 साल के इस खिलाड़ी ने छक्कों का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. पाकिस्तान ने इस खिलाड़ी के दम पर मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर एक बड़ा स्कोर भी लगाया.



पाकिस्तान के लिए इस मुकाबले में 19 साल के शाहजेब खान ने एक यादगार पारी खेली. ओपनिंग करने आगे शाहजेब खान आखिरी के ओवरों तक क्रीज पर टीक रहे. उन्होंने पाकिस्तान की टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए 107 गेंदों पर 100 रन बनाए और अपना शतक पूरा किया. शाहजेब खान इसके बाद भी नहीं रुके और देखते ही देखते 150 रन का आंकड़ा भी पार कर दिया. उन्होंने इस मैच 147 गेंदों पर कुल 159 रन बनाए. जिसमें उनके बल्ले से कुल 10 छक्के और 5 चौके देखने को मिले. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 100 से ज्यादा का रहा.

शाहजेब खान ने इस मुकाबले में 10 छक्के जड़ने के साथ एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. वह अब अंडर-19 क्रिकेट में पाकिस्तान के लिए एक वनडे मैच में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं. इससे पहले कोई भी पाकिस्तानी खिलाड़ी एक मैच में 7 से ज्यादा छक्के नहीं लगा सका था. शाहजेब खान से पहले ये रिकॉर्ड कामरान गुलाम और शमील हुसैन के नाम था. दोनों ही खिलाड़ियों ने 7-7 छक्के जड़ने का कारनामा किया था. लेकिन अब शाहजेब सबसे आगे निकल गए हैं.

**पाकिस्तान ने बोर्ड पर लगाए 281 रन**

स मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. इसके बाद उस्मान खान और शाहजेब खान ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई, दोनों खिलाड़ियों के बीच पहले विकेट के लिए 160 रन की साझेदारी हुई. इस दौरान उस्मान खान ने 94 गेंदों पर 60 रनों की पारी खेली. वहीं, शाहजेब खान दूसरी ओर क्रीज पर टीके रहे, जिसके चलते पाकिस्तान ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 281 रन बनाए. भारत की ओर से समर्थ नागराज सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 10 ओवर में 45 रन देकर 3 विकेट लिए.

### अब नए रंग में दिखेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली.भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को भारतीय एकदिवसीय टीम की नई जर्सी का उद्घाटन कर दिया। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किये गये वीडियों के अनुसार जर्मन स्पोर्ट्सवियर कंपनी एडिडास द्वारा निर्मित भारतीय टीम की जर्सी का बीसीसीआई के सचिव जय शाह और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने उद्घाटन किया।

भारतीय टीम इस जर्सी में शोल्डर पर एडिडास की तीन पट्टियों को तिरंगे का शेड दिया गया है। इस जर्सी का नीला रंग पिछली जर्सी की तुलना में थोड़ा हल्का है लेकिन साइड्स में इसे गहरा रंग दिया गया है। बीसीसीआई ने नई जर्सी का वीडियो एक्स और इंस्टाग्राम पर साझा किया है।

दिसंबर में होने वाले वेस्टइंडीज टीम के दौरे के दौरान भारतीय महिला टीम इस जर्सी के साथ मैदान पर उतरेगी। हरमनप्रीत कौर ने नई जर्सी के बारे में कहा, "मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मेरी मौजूदगी में नई जर्सी लॉन्च की गई। मैं इसके लुक से काफी खुश हूं। स्पेशली कंधे पर जो तिरंगा बना है।"

# लाबुशेन को ऑस्ट्रेलियाई टीम से हटाने की उठी मांग

**नई दिल्ली.**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को भारत के खिलाफ एडिलेड में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच से हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने एक कॉलम में कहा, लंबे समय से बल्ले से खराब प्रदर्शन के चलते मार्नस लाबुशेन को एडिलेड टेस्ट मैच से हटाया जाना चाहिए। ईमानदारी से कहूं तो इस समय लाबुशेन के लिए यह अच्छी बात होगी कि उन्हें टीम से बाहर रखा जाए। देश के लिए दबाव में खेलने से अच्छा है कि उन्हें शेफील्ड शील्ड या क्लब क्रिकेट खेलने का मौका लिए। मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली भारतीय गेंदबाजी के सामने खेलने के बजाय उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलने का फायदा मिलेगा।




मिचेल जॉनसन ने यह भी कहा कि मार्नस लाबुशेन वह भले ही क्रीज पर टिके रहने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इससे काम नहीं चल रहा है। उन्हें टीम से बाहर करने का यह मतलब नहीं होगा कि टेस्ट क्रिकेट में उनका भविष्य अधर में लटक गया है या वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं है।लाबुशेन लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से रन बनाए हैं। पिछले 11 महीनों में उन्होंने एक बार 10 रन से अधिक की पारी खेली है, जोकि इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 90 रन के तौर पर आया था। मिचेल जॉनसन ने यह भी कहा कि क्रिकेटरों को अपने करियर में किसी समय बाहर कर दिया जाता है और यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इससे कैसे उबरते हैं।इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत पूरी ताकत लगा चुका है। उसके सामने किसी के लिए खेलना मुश्किल होगा। कभी-कभी टीम में नए खिलाड़ियों की मौजूदगी ऊर्जा का संचार करती हैं और एकजुट करती है। एक नया बल्लेबाज भी स्पष्टता के साथ और कम दबाव के साथ खेल अपना स्वाभाविक खेल खेल सकता है, जैसा कि हमने देखा।

## डी गुकेश, डिंग लिरेन ने चौथे दौर का खेल ड्रॉ खेला

**नई दिल्ली.**

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की लड़ाई में चौथे दौर में ज्यादातर जोखिम-मुक्त ड्रॉ खेला और अंक बराबर बने रहे। दोनों खिलाड़ियों ने पुनरावृत्ति के माध्यम से 42 चालों के बाद शांति पर हस्ताक्षर किए और 14-राउंड के प्रदर्शन के चार गेम के बाद दो-दो अंकों के साथ बराबरी पर हैं। सबसे पहले 7.5 अंक तक पहुंचने वाले को चैंपियन का ताज पहनाया जाएगा। 18 वर्षीय गुकेश, जो शुक्रवार को काले रंग के साथ खेल रहे थे, खिताब के लिए अब तक के सबसे कम उम्र के दावेदार हैं और उन्होंने बुधवार को तीसरा गेम जीता था। खिलाड़ी अंततः किश्ती और प्यादों के अंतिम खेला तक पहुँच गए जो सैद्धांतिक रूप से ड्रा हो गया था और एक अंक का विभाजन एक उचित परिणाम था।विश्वनाथन आनंद अब तक यह खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, उन्होंने अपने करियर में पांच बार यह खिताब जीता है।

# चोटिल होने के बावजूद फाइनल खेलेगी जेमिमा रोड्रिग्स

**नई दिल्ली.**

भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ ब्रिस्बेन हीट के लिए महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) फाइनल में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, हालांकि चैलेंजर गेम में चोटिल होने के बावजूद वे सिडनी थंडर पर जीत दर्ज करने के दौरान चोटिल हो गई थीं।

बाउंड्री पर ड्राइविंग करते समय जेमिमा की कलाई पर चोट लग गई थी, और वे मैदान पर वापस नहीं आईं। वे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं और 30 गेंदों पर 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, लेकिन हीट के जीत की दहलीज पर पहुंचने से पहले ही चोटिल हो गईं।

"मेरी समझ से, वहां कोई वास्तविक चिंता नहीं है। वह सभी सही प्रक्रियाओं से गुज़र रही है, एक विदेशी खिलाड़ी होने के नाते, एक भारतीय खिलाड़ी होने के नाते और साथ ही ऑस्ट्रेलियाई लड़कियों के खिलाफ़ एक महत्वपूर्ण सीरीज़ होने के नाते।'

ब्रिसबेन हीट की कप्तान जेस जोनासेन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, "सभी रिपोर्टों से, यह सिर्फ़ एक छोटी सी बात है, लेकिन इससे ज़्यादा कुछ और ख़तरनाक होने की संभावना को खारिज़ किया जा सकता है। मेरी समझ से कल खेलना सही रहेगा।"



हालांकि रविवार के फ़ाइनल के लिए बारिश की आशंका है, सोमवार को एक रिजर्व दिन के प्रावधान के साथ, जेस ने कहा कि उन्होंने अपनी टीम को पूरे मैच के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने कहा,"मुझे मौसम विज्ञान ब्यूरो में नौकरी करनी चाहिए थी, मैं इसे अक्सर देखती हूं। लेकिन यह मेलबर्न है, मौसम इतनी जल्दी बदल सकता है।"

जेस जोनासेन ने कहा, "यह उन चीजों में से एक है जिसे आप इसमें शामिल करते हैं, लेकिन लड़कियों को मेरी सलाह है कि इसे मुझ पर छोड़ दें और रणनीति बनाएं और (उनके लिए) बस खेलने की तैयारी करते रहें। सीज़न के दौरान हमारे पास बारिश से प्रभावित एक मैच था जहां हमने वास्तव में अच्छी तरह से अनुकूलन किया, और हम इसके साथ लचीले हैं।"

# पीसीबी बीसीसीआई की बात मानने को तैयार

### लेकिन रखी 7 साल वाली शर्त

नई दिल्ली.चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर पाकिस्तान के तेवर ढीले पड़ते दिखने लगे हैं. टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने से इनकार करने के बाद से ही टूर्नामेंट को लेकर टकराव बना हुआ है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड लगातार बीसीसीआई और आईसीसी की हाइब्रिड मॉडल की डिमांड को खारिज करते हुए टूर्नामेंट को पूरी तरह अपने ही घर में आयोजित करने की मांग पर अड़ा है लेकिन अब हर तरफ से अकेले पड़ने के बाद वो इसके लिए राजी होता दिख रहा है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार है और उसने ये बात आईसीसी को भी बताई है लेकिन उसने ऐसा करने के लिए अगले 7 साल तक चलने वाली शर्त रख दी है.



पिछले कई हफ्तों से चले आ रहे टकराव को दूर करने और एक पुख्ता समाधान निकालने के लिए आईसीसी ने शुक्रवार 29 नवंबर को अपने बोर्ड की एक वर्चुअल मीटिंग बुलाई थी. ये मीटिंग हालांकि ज्यादा लंबी नहीं चली और सिर्फ 10-15 मिनट के अंदर ही खत्म कर दिया गया. इस बैठक में एक बार फिर आईसीसी की ओर से हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा गया, जिसे पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने खारिज कर दिया और एक बार फिर पूरा टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही आयोजित करने की मांग रखी. इसके चलते ही बैठक और फैसले को अगले 24 से 48 घंटों के लिए टाल दिया गया.

पीटीआई ने पाकिस्तानी बोर्ड के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है कि पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव के लिए राजी हो गया है. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सिर्फ हाइब्रिड मॉडल ही नहीं, बल्कि भारत और पाकिस्तान का मैच दुबई में खेलने के लिए भी पीसीबी राजी हो गया है लेकिन इसके लिए पाकिस्तान ने एक शर्त भी रख दी है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीसीबी ने आईसीसी को अपनी शर्त के बारे में बताया है, जिसके तहत अगले 7 साल तक यानी 2031 तक होने वाले हर टूर्नामेंट में ऐसा ही मॉडल अपनाया जाएगा.

असल में पीसीबी की ये डिमांड भारत में होने वाले आयोजनों को लेकर है. आईसीसी ने 2031 तक हर साल एक बड़े टूर्नामेंट का आयोजन तय किया है. इसके तहत 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप होना है. वहीं 2029 में भारत में चैंपियंस ट्रॉफी खेली जाएगी. इसके बाद 2031 में भारत और बांग्लादेश को वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी करनी है. पीसीबी चाहती है कि इन टूर्नामेंट्स में भी ऐसा ही मॉडल आजमाया जाए. यानि पाकिस्तानी बोर्ड की शर्त है कि किसी भी टूर्नामेंट के लिए वो अपनी टीम को भारत नहीं भेजेंगे. हालांकि ये साफ नहीं है कि इस मॉडल को सिर्फ पुरुष क्रिकेट तक ही सीमित रखा जाएगा या फिर महिला क्रिकेट और जूनियर क्रिकेट पर भी लागू करने की मांग है.

हालिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि आईसीसी ने पीसीबी को चेतावनी भी दी कि वो हाइब्रिड मॉडल स्वीकार कर ले, नहीं तो उससे पूरी तरह मेजबानी छीनी जा सकती है. अब नजरें इस बात पर हैं कि पीसीबी के इस नए पैंतरे के बाद क्या आईसीसी और बीसीसीआई उसकी इस शर्त को स्वीकार करते हैं या नहीं. जहां तक टी20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप की बात है तो उसमें ये ज्यादा बड़ी समस्या नहीं होगी क्योंकि इन दोनों टूर्नामेंट्स में भारत के अलावा क्रमशः श्रीलंका और बांग्लादेश भी मेजबान हैं. ऐसे में पाकिस्तान के मुकाबले, यहां तक कि भारत-पाकिस्तान मैच भी, इन देशों में हो सकते हैं. सवाल सिर्फ 2029 की चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर बना रहेगा, जो पूरी तरह से भारत में होगी.

## राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी 12 टीमें

**गोरखपुर.**

चार दिसंबर तक कबड्डी का महासंग्राम देखने को मिलेगा. ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में आयोजित इस छठवीं अखिल भारतीय आमंत्रण प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में देश की नामी 12 टीमें हिस्सा लेंगी. रीजनल स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेता को दो लाख रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी दी जाएगी. उपविजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा. तृतीय स्थान पर रहने वाली दो टीमों को 50-50 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा.

इस प्रतिष्ठित कबड्डी प्रतियोगिता का समापन चार दिसंबर को होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे. प्रतियोगिता का उद्घाटन पहली दिसंबर को उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव करेंगे. ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में यह प्रतियोगिता 2018 से आयोजित की जा रही है. इसका पहला आयोजन 2018 में, दूसरा 2019 में, तीसरा 2021 में, चौथा 2022 में और पांचवां 2023 में हुआ. इस बार छठवां संस्करण पहली से चार दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है.वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश की टीम विजेता रही थी. उपविजेता का खिताब जे डी एकेडमी नई दिल्ली ने जीता, जबकि तीसरे स्थान पर रेड आर्मी नई दिल्ली और हरियाणा की टीम रही. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करना है, बल्कि गोरखपुर में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करना भी है. चार दिनों तक चलने वाले इस कबड्डी महाकुंभ में खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद मिलेगा.

# सरकार का बड़ा फैसला

## > भारत में डीजल वाहन हुए बैन! फाइल तैयार



**नई दिल्ली।**

दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण के हालात जस के तस बने हुए हैं। कई इलाकों में तो एक्यूआई लेवल 400 के पार पहुंचा हुआ है। जिसको लेकर दिल्ली सरकार ही नहीं, बल्कि केन्द्र सरकार भी चिंतित है। आपको बता दे कि सरकार ने डीजल वाहनों को इंडिया से पूरी तरह खत्म करने का प्लान तैयार कर लिया है। क्योंकि एक्सपर्टों का मानना है कि पॉल्यूशन बढ़ने में यदि किसी का हाथ है तो सबसे ज्यादा डीजल वाहन ही वजह हैं। जिसे देखते हुए सरकार ने इंडिया में डीजल वाहनों को बंद करने की अंतिम तारीख जारी कर दी है। हालांकि वर्तमान में भी डीजल वाहनों की लिमिट सिर्फ 10 साल ही लागू की गई थी. लेकिन अब सरकार डीजल वाहनों के खिलाफ बड़ा फैसला लेने जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऊर्जा संक्रमण सलाहकार समिति की ओर से सरकार को एक रिपोर्ट और प्रस्ताव पेश किया गया है. जिसमें सामने आया है कि डीजल वाहन सबसे ज्यादा प्रदूषण करते हैं। इसलिए तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित करना चाहिए। क्योंकि जैसे ही सर्दियां शुरू होती हैं प्रदूषण का स्तर भी बढ़ना शुरू हो जाता है। डीजल वाहनों पर प्रतिबंद लगाने के पीछे सरकार उद्देश्य ईवी वाहनों को बढ़ावा देना भी है।

बताया जा रहा है कि डीजल वाहनों की निर्भरता कम करने के लिए जल्द ही ईवी वाहनों पर सरकार सब्सिडी का ऐलान भी कर सकती है। ऊर्जा संक्रमण सलाहकार समिति की ओर से 2027 से डीजल वाहनों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने की सिफारिश की गई है। यानि सिर्फ ढाई साल तक ही आप डीजल वाहन चला सकते हैं। उसके बाद कार कंपनीज भी डीजल वाहन बेचना बंद कर देंगी। हालांकि सरकार इस पर क्या फैसला लेती है। फैसले का इंतजार सभी को है। आपको बता दें कि शुरुआती दौर में देश के कुछ चुनिंदा शहरों में डीजल वाहनों पर प्रतिबंद लगाया जाएगा। इसके लिए यह मानक तय किये गए हैं। जिन शहरों की आबादी 10 लाख से ज्यादा है. ऐसे शहरों पर शुरूआत में प्रतिबंद लगाया जाएगा। धीरे-धीरे देश ही डीजल वाहन गायब हो जाएंगे। धीरे-धीरे प्रतिबंद को बढ़ाया जाएगा, साथ ही दिल्ली एनसीआर में अभी से 10 साल पुराने वाहनों को घुसने पर रोक लगाई गई है। यदि कोई ऐसा करता पकड़ा जाता है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

### डीजल वाहन एवोइड करने की सलाह

आपको बता दें कि सरकार भी अब डीजल वाहनों को एवोइड करने की सलाह दे रही है। साथ ही उनके स्थान पर ईवी व सीएनजी वाहनों को खरीदने की सलाह दी जा रही है। क्योंकि डीजल वाहन चलाना आगे मुश्किल होगा। सूत्रों का दावा है कि सरकार डीजल वाहनों को लेकर अभी और कड़े फैसले लेने वाली है. इसलिए नुकसान से बचने के लिए फिलहाल डीजल वाहन खरीद का फैसला टालना ही ठीक रहेगा।

# बेल्जियम में सेक्स वर्कर्स को भी मिलेगी पेंशन और छुट्टियां

**नई दिल्ली।** बेल्जियम ऐसा पहला देश है जिसने सेक्स वर्कर्स को भी सामान्य नौकरी पेशा लोगों की तरह सुविधाएं देने के लिए कानून बना दिया है। बेल्जियम के नए कानून के तहत सेक्स वर्कर्स भी अनुबंध के तहत कार्य करेंगी जिसमें स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, सिक लीव और मैटरनिटी लीव जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। यानी इसे नौकरी की तरह मान्यता दी जाएगी। 2022 में ही बेल्जियम ने इस पेशे को क्राइम कैटिगरी से बाहर कर दिया था। बेल्जियम के अलावा पेरू और तुर्की में भी इस पेशे को वैध करार दिया गया है। इससे पहले बार, इरोटिक मसाज पार्लर और अन्य जगहों पर अवैध तरीके से ही सेक्स वर्कर्स को काम करना पड़ता था। इसके बदले उन्हें कैश में रुपये मिलते थे। यह शोषण का एक खुला हुआ दरवाजा था। इस नए कानून में कहा गया है कि सेक्स वर्कर्स की भर्ती करते वक्त उनके क्रिमिनल रिकॉर्ड भी चेक किए जाने जरूरी हैं। इसके अलावा अपने कर्मचारियों को सम्मान दिलवाना भी रिक्रूटर की जिम्मेदारी है।

# हिंदुओं के लिए उठाना होगा सख्त कदम

## > बांग्लादेश को लेकर केंद्र सरकार से आरएसएस की अपील

**नई दिल्ली।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से यह सुनिश्चित करने की शनिवार को अपील की कि हिंदुओं पर अत्याचार बंद हो और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल से तत्काल रिहा किया जाए। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने एक बयान में भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को रोकने के लिए अपने प्रयास जारी रखे तथा उनके प्रति समर्थन में वैश्विक राय बनाने के लिए 'जल्द से जल्द' आवश्यक कदम उठाए।

उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश में हिंदुओं, महिलाओं और अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा किए गए हमलों, हत्याओं, लूटपाट, आगजनी और अमानवीय अत्याचार की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी निंदा करता है।' होसबाले ने कहा कि मौजूदा बांग्लादेश सरकार और अन्य एजेंसियां इन्हें रोकने के बजाय केवल मूकदर्शक बनी हुई हैं।

आरएसएस महासचिव ने कहा, 'बांग्लादेश के हिंदुओं के खिलाफ अन्याय और अत्याचार का एक नया दौर उभरता हुआ प्रतीत हो रहा है ताकि आत्मरक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जा रही उनकी आवाज को दबाया जा सके।' उन्होंने कहा, 'इस तरह के शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतृत्व कर रहे इस्कॉन से जुड़े संत चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजना बांग्लादेश सरकार का अन्याय है।'



### एक और हिंदू पुजारी की गिरफ्तारी

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर जारी हमलों और दमन के बीच एक और हिंदू पुजारी की गिरफ्तारी हुई है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) ने इस बारे में पुष्टि की है। गिरफ्तार पुजारी की पहचान श्याम दास प्रभु के रूप में हुई है, जो कथित रूप से जेल में बंद आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास से मिलने गए थे। श्याम दास प्रभु को चटगांव पुलिस ने बिना किसी आधिकारिक वारंट के गिरफ्तार किया। इस घटना के बाद हिंदू समुदाय और धार्मिक संगठनों में गहरी नाराजगी है।



# नाइजीरिया की नाइजर नदी में पलटी नाव

## > 27 की मौत, 100 से अधिक लापता

**नाइजर।** नाइजीरिया के उत्तर में नाइजर नदी पर शुक्रवार को एक बड़ा नाव हादसा हो गया। इस हादसे में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। इनमें से ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब नाव कोगी राज्य से नाइजर राज्य के एक फूड मार्केट जा रही थी और पलट गई।

नाव में करीब 200 लोग सवार थे। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता इब्राहिम ऑडु के मुताबिक, राहतकर्मियों ने शुक्रवार शाम तक 27 शव बरामद किए हैं। कोगी राज्य आपातकालीन सेवाओं की प्रवक्ता सैंड्रा मूसा ने बताया कि स्थानीय गोताखोर अन्य लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं, लेकिन हादसे के करीब 12 घंटे बाद भी कोई जीवित व्यक्ति नहीं मिला।

हादसे की वजह का आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार, नाव पर जरूरत से ज्यादा भार था। नाइजीरिया के दूरदराज के इलाकों में सड़क सुविधाओं की कमी के कारण लोग अक्सर जलमार्ग का उपयोग करते हैं, जिससे नावों पर भीड़भाड़ हो जाती है।

# कहां तक पहुंचा गगनयान मिशन?

## >इसरो ने दी पूरी जानकारी

**बेंगलुरु।** भारत का मिशन गगनयान अपनी रफ्तार से चल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के 'एक्सिओम-4 मिशन' के लिए चुने गए दो भारतीय गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा कर लिया है। इसरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर इसरो एवं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की दिशा में 'एक्सिओम मिशन 4' के लिए चुने गए दो गगनयात्रियों (प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर) ने अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था। इसने कहा कि गगनयात्रियों ने प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि प्रशिक्षण के इस चरण में गगनयात्रियों ने मिशन से संबंधित जमीन पर मौजूद सुविधा केंद्रों का भ्रमण, मिशन के प्रक्षेपण चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट की फिटिंग जांच और अंतरिक्ष भोजन विकल्पों का चयन करने समेत प्रारंभिक प्रशिक्षण से जुड़ी गतिविधियों को पूरा कर लिया है। इसके अलावा, प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में गगनयात्रियों को 'स्पेसएक्स ड्रैगन' अंतरिक्ष यान और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की विभिन्न प्रणालियों से अवगत कराया गया। उन्हें अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक परिचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इस चरण में अंतरिक्ष में चिकित्सकीय आपात स्थितियों समेत विभिन्न प्रकार की आपात स्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। इससे आगे का प्रशिक्षण मुख्य रूप से अंतरिक्ष स्टेशन के अमेरिकी कक्षीय खंड के शेष मॉड्यूल पर केंद्रित होगा। इसके अलावा मिशन के दौरान सूक्ष्मगुरुत्व वातावरण में वैज्ञानिक अनुसंधान प्रयोगों के संचालन के लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।



# लैंड फॉर जॉब मामले की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को करने का आदेश दिया। शनिवार को सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से पेश वकीलों ने कहा कि उन्हें ईडी की ओर से पेश करीब दस हजार पेजों के दस्तावेजों के परीक्षण में समय लगेगा। उसके बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 दिसंबर को कोर्ट ने 25 अक्टूबर को आरोपियों को निर्देश दिया था कि वे कोर्ट में दाखिल चार्जशीट से उन्हें मिले दस्तावेजों का मिलान कर लें। इस मामले में 7 अक्टूबर को कोर्ट ने लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव समेत सात आरोपियों को जमानत दी थी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को एक-एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी थी। इस मामले में कोर्ट ने 7 मार्च को कोर्ट ने ईडी के मामले में राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और हृदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी।

# अचानक ट्रंप से मिलने पहुंचे ट्रूडो

**फ्लोरिडा।** भारत से रिश्ते खराब होने के बाद अब कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो को अमेरिका से भी संबंध बिगड़ने का डर सता रहा है। अमेरिका के नवनियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कनाडा सरकार को धमकी दी थी, जिसके बाद से ट्रूडो घबराए हुए लग रहे हैं। इसका इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ट्रंप की टैरिफ बढ़ोतरी की धमकी के बाद आज ट्रूडो अचानक अमेरिका के फ्लोरिडा पहुंच गए।

ट्रूडो के कार्यालय के अनुसार, कनाडाई पीएम का अमेरिका जाने का कोई शेड्यूल नहीं था, वो अचानक ही डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित रिसॉर्ट में पहुंचे। समाचार एजेंसी रायटर ने एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बताया, ट्रूडो को ट्रंप के मार-ए-लागो रिसॉर्ट जाने के लिए फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित एक होटल से निकलते हुए देखा गया।

ट्रूडो और ट्रंप आज साथ में डिनर करेंगे और कई मुद्दों पर वार्ता करेंगे। दोनों की बातचीत को गुप्त रखा जाएगा। हालांकि, इसपर ट्रूडो के कार्यालय और ट्रंप के अधिकारियों ने कोई टिप्पणी नहीं की। बता दें कि कुछ दिनों पहले ट्रंप ने सीमा संबंधी चिंताओं के चलते कनाडा से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने कहा था कि वो पद संभालते ही सबसे पहले कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 फीसद टैरिफ लगाएंगे, जब तक कि ये देश ड्रग्स और अमेरिका में अवैध रूप से आने वाले प्रवासियों पर लगाम नहीं लगाते।



**ट्रूडो को लग सकता है बड़ा झटका**

दूसरी ओर मेक्सिको, कनाडा और चीन के अधिकारियों ने चेताया है कि अगर ट्रंप भारी लगाते हैं तो इससे उनके साथ जुड़े देशों की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा, मुद्रास्फीति बढ़ेगी और नौकरियां कम होंगी। बता दें कि कनाडा की अर्थव्यवस्था को कोई भी नया झटका ट्रूडो की परेशानियों को बढ़ा सकता है.

# दिल्ली में एक्यूआई 600 पार

**नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक अभी भी बेहद खराब बना हुआ है। इस बीच शनिवार को राजधानी का एक्यूआई 600 के पास निकल गया। एक्यूआईसीएन के डेटा के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे दिल्ली के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता सूचकांक सबसे अधिक 521 दर्ज किया गया। जबकि इस दौरान नोएडा सेक्टर 125 में वायु गुणवत्ता सूचकांक 184 दर्ज किया गया।

बता दें कि दिवाली के बाद से दिल्ली और उसके आसपास के शहरों की हवा जहरीली बनी हुई है. हालांकि पिछले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार हुआ है। लेकिन शनिवार को इसमें एक बार फिर से इजाफा दर्ज किया गया। इसी के साथ ये शनिवार को लगातार छठे दिन 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई।



उत्तर भारत में ठंड की शुरुआत हो चुकी है और अब मैदानी इलाकों में भी पारा गिरने लगा है। इस बीच शुक्रवार की सुबह इस सीजन की सबसे ठंड रही. इस दौरान तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार की सुबह का तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे दर्ज किया गया। जो इस सीजन में अब तक का सबसे कम तापमान था। वहीं इस सीजन की दूसरी सबसे ठंडी सुबह गुरुवार को रही. तब तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं 21 नवंबर को तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस सीजन की तीसरी सबसे ठंडी सुबह थी।

# 4 मिनट के लिए टॉयलेट चला गया कंडक्टर

## > 125 ट्रेनें हो गईं लेट, हजारों यात्री परेशान

**सियोल।**

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में एक ट्रेन कंडक्टर को चार मिनट के लिए टॉयलेट ब्रेक लेना बहुत महंगा पड़ गया। इसके चलते 125 ट्रेनें लेट हो गईं। कोरिया हेराल्ड की रिपोर्ट में पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक, यह घटना बीते सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे सियोल की लाइन 2 पर हुई, जब ऑपरेटर ने ब्रेक लेने के लिए एक स्टेशन पर स्टॉपेज बना दिया। शौचालय दूसरी मंजिल पर स्थित था। इस पूरी प्रक्रिया में उसे 4 मिनट और 16 सेकंड लग गए। इतना समय बिजी ट्रेनों के शेड्यूल को बाधित करने के लिए काफी था।

रिपोर्ट के अनुसार, जो ट्रेन अचानक रुक गई उसकी वजह से सर्कुलर लाइन पर चलने वाली 125 अन्य ट्रेनों को देरी का सामना करना पड़ा। कुछ रेलगाड़ियां तो निर्धारित समय से 20 मिनट से अधिक देरी से चलीं। कंडक्टर के मौके पर न होने के दौरान एक इंजीनियर ने ट्रेन की निगरानी की। हालांकि, बिजी शेड्यूल के चलते स्थितियों को संभालना उसके लिए संभव नहीं था। देरी के चलते बाद में आने वाली 125 ट्रेनों को फिर से शेड्यूल करना पड़ा। हालात को संभालने के लिए कई अधिकारियों का सहयोग लिया गया।

# 90 दवाइयां क्वालिटी टेस्ट में फेल

## > कुछ को पूरी तरह से किया बैन

**नई दिल्ली।** सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) की एनएसक्यू सूची को सामने आई है. संगठन के अनुसार, कुल 90 दवाओं की क्वालिटी पर प्रश्न चिन्ह लगाया गया है. इस सूची में करीब 3 दवाएं नकली हैं. इसके साथ 56 दवाओं के सैंपल की गुणवत्ता खराब बताई गई है. इस सूची में पैरासिटामोल और पेन-जी जैसी दवाओं को रखा गया है. नकली दवाओं की पहचान को लेकर हर माह दवाओं के सैंपलों की जांच जारी है. इस दौरान दवाओं के सैंपलों को लैब में जांचा गया. इसके साथ रिपोर्ट को जारी किया गया.



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सीडीएससीओ यह तय करता है कि दवाओं की गुणवत्ता अच्छी है या नहीं. खराब दवाओं की पहचान होती है. इसके बाद खराब गुणवत्ता की दवाओं की एक सूची को तैयार किया जाता है. एनएसक्यू की ये कार्रवाई राज्य में जो दवा नियामक होते हैं, उनके सहयोग की गई है. इसकी जांच इसलिए की जाती है ताकि यह पता चल सके कि दवाएं गुणवत्ता के हिसाब से बनी या नहीं.

सीडीएससीओ रैंडम सैंपलिंग किया करता है. इस दौरान टेस्टिंग में भी कई दवाओं को फेल करार दिया. इन दवाओं की गुणवत्ता बहुत खराब बताई गई है. इस सूची में कुछ कंपनियों हैं. यह दवाएं हैं एंटीएसिड, पैनडी, पैरासिटामोल, ग्लिमपिराइड और हाई बीपी की दवा टेल्मिसर्टन है. सीडीएससीओ की ओर से जिन दवाओं के सैंपल को फेल किया गया है. इसमें एनीमिया की दवा आयरन सुक्रोज, सूजन की दवा मेथासोन, उल्टी की दवा रेबेप्रोजोल और एंटीबायोटिक की दवा एनपोपाक्सासिन के सैंपल बताए जा रहे हैं. हर महीने दवाओं के सैंपलों की जांच हो रही है.

**34 जगहों के सैंपल हुए चेक**

देशभर से कुल 34 जगहों के सैंपलों को जांचा गया था. इनमें अकेले हिमाचल में तैयार 14 दवाएं मानकों पर खरी साबित हुईं. इनमें डॉक्सीन की दवा सेपकेम, दवा सेफोप्रोक्स, सीएमजी बायोटेक की बीटा हिस्टीन, एलविस फार्मा की दवा अल्सिप्रो भी मानकों पर सही नहीं पाई गई है.



# वैष्णो देवी के भक्तों के लिए बना नया प्रतीक्षालय

**श्रीनगर।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को बेहतर आराम और सुविधा देने के लिए भवन में एक अत्याधुनिक प्रतीक्षालय समर्पित किया है। यह नव निर्मित सुविधा हर साल पवित्र यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उन्हें सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। 1600 वर्ग फीट में फैला यह वेटिंग रूम एक बार में 100 तीर्थयात्रियों को समायोजित कर सकता है। बता दें कि मुख्य तीर्थ परिसर में राम मंदिर के पास यह स्थित है।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस वेटिंग रूम में, बैठने की पर्याप्त जगह, लॉकर, पीने के पानी की सुविधा और पुरुष और महिला भक्तों के लिए अलग-अलग शौचालय भी बनाए गए हैं। बड़े-बड़े हवादार हॉल में हरदिन करीब 1500 भक्तों को ठहरने की सुविधा होगी, जोकि कालिका भवन के कमरा नंबर 4 के पास स्थित वेटिंगरूम में 600 भक्तों की मौजूदा दैनिक क्षमता के अतिरिक्त है। पूजन के बाद श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने औपचारिक रूप से प्रतीक्षालय का उद्घाटन किया। सीईओ ने नई सुविधा के महत्व को बताते हुए कहा कि अध्यक्ष, एस.एम.वी.डी. एस.बी (उपराज्यपाल, जेके-यूटी) के निर्देशों के मुताबिक बनाया गया यह प्रतीक्षालय भवन में सुविधाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त प्रतीक्षालय है, जिससे यह तय किया जा सके कि भक्त बिना किसी चुनौती का सामना किए अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने आगे बताया कि पिछले कुछ सालों में श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई पहल की शुरुआत की हैं.

# इस बार भव्य-दिव्य होगा महाकुंभ मेंला

## > सीएम योगी के मार्गदर्शन में की जा रही हैं सारी व्यवस्था

**नई दिल्ली।**

इस बार 13 जनवरी 2025 से शुरु होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की तैयारी चल रही है। वर्ष 2019 में कुंभ का सफल आयोजन कर यूपी ने मानक स्थापित किया है, इसलिए सर्कार से इस बार लोगों की अपेक्षाएं अधिक है। 2019 में मेला क्षेत्र 3200 हेक्टेयर में फैला था। इस बार महाकुंभ मेले का 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में इसका विस्तार होगा।

बता दे कि महाकुंभ के प्रतीक चिह्न, वेबसाइट और मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ से जुड़ी तैयारियों के लिए डेडलाइन तय करते हुए निर्देश दिया कि 10 दिसंबर तक सारे काम पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक भी होगा। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि महाकुंभ को देखते हुए 7000 से अधिक बसें लगाई जाएंगी। यहां डेढ़ लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए जाएंगे। स्वच्छता पर जोर देते हुए सीएम ने निर्देश दिया कि 10 हजार कर्मचारियों की तैनाती कर यहां की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जाए।



सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में गंगा-यमुना अविरल और निर्मल होंगी। बिजनौर से बलिया तक जीरो डिस्चार्ज होगा। स्टील ब्रिज दिसंबर के पहले सप्ताह तक तैयार होगा। यह कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या से प्रयागराज तक के आगमन को सुलभ बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाएं, लेकिन विशेष स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी मूवमेंट न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में तीन पुलिस लाइन, तीन महिला थाना और 10 पुलिस चौकी स्थापित करें। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर श्रद्धालु की आस्था का सम्मान करते हुए हर किसी से अच्छा व्यवहार रखें। कल्पवासी हों या स्नानार्थी, श्रद्धालु हों या पर्यटक, सबकी सुरक्षा-सुविधा का ध्यान रखा जाए। पुलिस का व्यवहार भी सहयोगात्मक रहना चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्प डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी पर जोर रहा। उन्होंने कहा कि यहां एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगेगा। सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएं।

### चलेंगी 992 मेला स्पेशल ट्रेनें

महाकुंभ 2025 के लिए रेलवे ने 992 मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई है, जो वर्ष 2019 के 572 स्पेशल ट्रेनों की तुलना में लगभग दोगुनी है। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर, विशेष रूप से 300 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालु आसानी से संगम नगरी पहुंच सकें। इसमें उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे डिवीजन की मुख्य भूमिका होगी।

### महाकुंभ में देश के विपक्षी नेताओं को दिया जाएगा न्योता

इस बीच यूपी सरकार ने देश के सभी राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित करने का फैसला लिया है। इसके लिए यूपी सरकार के मंत्री अलग-अलग राज्यों में जाएंगे और आमंत्रण देंगे। सीएम योगी ने शुक्रवार शाम को लोक भवन में बुलाई गई मंत्रियों की एक बैठक में यह फैसला लिया है। बैठक के बाद राज्य सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बताया, यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के मंत्री देश के सभी राज्यों में जाएंगे और वहां के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों को महाकुम्भ में आने का न्यौता देंगे।

# एक और मुस्लिम देश में शुरू हो गया युद्ध

**नई दिल्ली।** दुनिया के खूबसूरत शहरों में गिने जाने वाले सीरिया के अलेप्पो शहर में इस्लामिक संगठन हयात तहरीर अल शाम ने कत्लेआम मचा दिया है। आठ साल बाद एक बार फिर इस्लामिक कट्टरपंथी गुट ने शहर पर हमला करके कब्जा कर लिया है। इसके बाद सीरिया की बशर अल असद सरकार ने अलेप्पो की सड़कों और एयरपोर्ट को बंद कर दिया है। 2016 में ही अलेप्पो से विद्रोहियों को खदेड़ा गया था। अचानक विद्रोही शहर के केंद्र तक घुस गए और कई इलाकों पर कब्जा कर लिया है। विद्रोहियों की ताकत के आगे एक बार फिर असद की सेना कमजोर साहित हो रही है। सीरिया को भरोसा रहता था कि जरूरत पड़ने पर उसे ईरान और रूस से मदद मिलेगी। ईरान इजरायल के खिलाफ और रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में ही व्यस्त है। इसका फायदा उठाकर विद्रोहियों ने हमला एक बार फिर कर दिया। एचटीएस का दावा है कि उसने अधे से ज्यादा अलेप्पो पर कब्जा कर लिया है। सीरिया 2011 से ही गृह युद्ध की चपेट में है।